

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03 : अंक : 261 | ग्वालियर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8

## मां का सातवां दिन



### मंत्र

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

मां कालरात्रि को गुड़ का भोग पसंद हैं, लाल फूल पसंद हैं. जब मां का ध्यान करें तो पूरे मन से करें, आहार व्यवहार के सात्विक नियमों का पालन करें. इसमें पूरे नौ दिन ब्रह्मचर्य भी शामिल हैं. नियम पालन नहीं होंगे तो फल नहीं मिलेगा.

## न्यूज ट्रैक



### भारत में रूसी वैक्सीन का ट्रायल कर रही कंपनी डॉ. रेड्डी पर साइबर अटैक, दुनियाभर के सभी डेटा केंद्रों का काम रोका

**नई दिल्ली।** भारत में रूसी कोरोना वायरस की वैक्सीन स्पूतनिक-5 का ट्रायल कर रही दिग्गज फार्मा कंपनी डॉ. रेड्डी ने दुनियाभर के अपने सभी डेटा केंद्रों की सेवाओं को बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि कंपनी पर साइबर अटैक हुआ है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने साइबर हमले की पहचान किये जाने के बाद बचाव के कदम उठाने के लिये ऐसा किया है। कंपनी के सीआईओ मुकेश राठी ने कहा, हम 24 घंटे के भीतर सभी सेवाओं के शुरू हो जाने का अनुमान कर रहे हैं। हमें इस घटना के कारण हमारे परिचालन पर कोई उल्लेखनीय असर होने की आशंका नहीं है। बता दें कि 17 अक्टूबर को ही डॉ. रेड्डी को भारत सरकार के ड्रग कंट्रोलर जनरल से रूसी कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक -5 भारत में दूसरे और तीसरे चरण के ट्रायल की मंजूरी मिली है।

### कुलभूषण जाधव की मौत की सजा की होगी समीक्षा पाकिस्तान की संसदीय समिति ने विधेयक को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसदीय समिति ने सरकार के उस विधेयक को मंजूरी दे दी है जिसमें अंतरराष्ट्रीय अदालत के निर्देशों के अनुरूप भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को दी गई मौत की सजा की समीक्षा करने की मांग की गई है। मीडिया में गुरुवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (समीक्षा और पुनर्विचार) अध्यादेश शीर्षक से प्रस्तुत मसौदा विधेयक पर नेशनल असेंबली की विधि एवं न्याय से संबंधित स्थायी समिति ने विपक्ष के तीखे विरोध के बावजूद बुधवार को चर्चा की और इसे अपनी मंजूरी दी। समिति की बहस में हिस्सा लेते हुए पाकिस्तान की न्याय एवं विधि मंत्री फरोग नसीम ने कहा कि यह विधेयक अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन के तहत लाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विधेयक को संसद मंजूरी नहीं देती तो पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले का अनुपालन नहीं करने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

### सांसद मनोज तिवारी ने कहा- सुशांत सिंह राजपूत की मौत में कांग्रेस का हाथ

**बांका।** भाजपा सांसद सह भोजपुरी फिल्म अभिनेता मनोज तिवारी ने गुरुवार को सुशांत सिंह राजपूत की मौत में कांग्रेस का हाथ बताया। इसके बाद भी राजद मुखिया तेजस्वी कांग्रेस के साथ खड़े हैं। मनोज तिवारी ने सुशांत की मौत मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सक्रियता से एफआईआर दर्ज होने की बात कही। उक्त बातें मनोज तिवारी ने बिहार के बांका जिले के शंभूगंज के हाईस्कूल मैदान में कही। मनोज तिवारी ने कहा कि यदि बिहार में विकास की गंगा बहाना चाहते हैं तो एनडीए की गठबंधन वाली सरकार जरूरी है। उन्होंने एनडीए के नए मेनिफेस्टो में 19 लाख बेरोजगार युवाओं को रोजगार सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने अमरपुर विधान सभा के जदयू प्रत्याशी जयंत राज कुशवाहा के पक्ष में चुनावी सभा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। आम जनता के लिए सड़क, बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य कार्यों को पीएम ने कर दिखाया। कहा कि देश के गरीबों के लिए मेडिकल के लिए पांच लाख की बीमा देने की बात कही तो इस दिशा में काम भी शुरू हो गया है। पहले लोगों को इलाज कराने दिल्ली एम्स जाना पड़ता था। अब पटना, दरभंगा सहित अन्य जगहों पर यह सुविधा उपलब्ध हो रही है। अंत में मनोज तिवारी ने कहा कि यदि बिहार को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं तो एनडीए का भरपूर समर्थन दें ताकि विकास की गाड़ी पटरी पर तेजी से बढ़ सके। जनसभा की अध्यक्षता भाजपा के सोनू कुमार एवं संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद ने किया।

# बिहार में पीएम मोदी की 3 चुनावी रैली

**पटना।** बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। एक दिवसीय दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री सासाराम, गया और भागलपुर में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। पीएम की रैली को लेकर पुलिस-प्रशासन के साथ ही भाजपा और एनडीए ने पूरी तैयारी कर रखी है। पीएम सबसे पहले सासाराम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। सुबह 11 बजे सासाराम में होने वाली चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद डॉ संजय जायसवाल सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। सासाराम की रैली से भाजपा के 12, जदयू के 12 और वीआईपी के 1 उम्मीदवार एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ अपने-अपने



विधानसभा क्षेत्र से पीएम की रैली से वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। वहीं, एक बजे वे गया में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। गया में केंद्रीय गृहराज्यमंत्री नित्यानंद राय, पूर्व सीएम जीतन राम मांझी, सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सुशील कुमार सिंह और चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। गया की रैली में भाजपा के नौ, जदयू के छह और हम के चार उम्मीदवार विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। भागलपुर की रैली को प्रधानमंत्री तीन बजे संबोधित करेंगे। इस रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के अन्य नेता मौजूद रहेंगे। इस रैली से भाजपा के 10, जदयू के 13 और हम के एक उम्मीदवार विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल रूप से जुडेंगे।

#### सोशल डिस्टेंसिंग का पालन होगा

रैली स्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हर हाल में हो, इसके लिए पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। मंच पर उन्हीं को जाने की अनुमति दी जाएगी जिन्होंने आज-कल में कोरोना जांच कराई है। मंच के सामने लगने वाली कुर्सियों को दूर-दूर रखा गया है। कार्यक्रम में कोई काला झंडा लेकर नहीं आए, इसके लिए हर गैलरी में कार्यकर्ताओं को लगाया गया है ताकि उपद्रव करने की कोशिश करने वाले या अनर्गल नारा लगाने वालों को तत्काल बाहर किया जा सके।



दिल्ली-एनसीआर में 24 से जहरीली हो जाएगी हवा

## पीएम10 और पीएम 2.5 का बढ़ेगा स्तर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के शहरो में रहने वाले लोगों के लिए बुरी खबर है। यहां आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण और विकराल रूप धारण कर सकता है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के एडीजी आनंद शर्मा ने गुरुवार को बताया कि 24 अक्टूबर और आगे आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर में पीएम10 और पीएम 2.5 दोनों का स्तर बढ़ेगा, जिससे वायु की गुणवत्ता खराब होगी।

#### दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बरकरार

दिल्ली में गुरुवार की सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 254 रहा और प्रदूषण का स्तर खराब की श्रेणी में ही रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) एवं अन्य एजेंसियों ने गुरुवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार का पूर्वानुमान लगाया था, लेकिन यह बुधवार की तरह गुरुवार को भी खराब की श्रेणी में ही रहा। सीपीसीबी के अनुसार, बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 था। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की संस्था सफर ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि 23 और 24 अक्टूबर को वायु की गुणवत्ता खराब से बहुत खराब के बीच रहेगी। उल्लेखनीय है कि 0 और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 गंभीर माना जाता है।

### बिहार के डिप्टी सीएम और बीजेपी नेता

## सुशील मोदी कोरोना पॉजिटिव, पटना एम्स में भर्ती

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। उन्हें इलाज के लिए पटना स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। सुशील मोदी ने गुरुवार दोपहर को ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। इससे पहले भाजपा के स्टार प्रचारक शाहनवाज हुसैन भी कोरोना पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। वहीं बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और सांसद राजीव प्रताप रूडी आइसोलेशन में हैं। सुशील मोदी ने ट्वीट किया, मैं कोरोना संक्रमित पाया गया हूं। सबकुछ नॉर्मल है। इसकी शुरुआत शरीर के तापमान में हल्की बढ़ोतरी के साथ हुई थी। बीते दो दिन से शरीर का तापमान भी सही है। मैं पटना एम्स में बेहतर इलाज के लिए भर्ती हूं।



फेफड़े का सीटी स्कैन भी बिल्कुल सामान्य है। जल्द ही चुनाव प्रचार के लिए लौटूंगा। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के लिए जमकर प्रचार चल रहा है। इस दौरान जनसभाओं में लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो रही है। चुनाव प्रचार शुरू होने के बाद शाहनवाज हुसैन और अब सुशील मोदी कोरोना की चपेट में आ चुके हैं।

#### शाहनवाज हुसैन भी एम्स में भर्ती

इससे पहले बुधवार की रात शाहनवाज हुसैन ने ट्वीट कर बताया कि मैं एम्स के ट्रामा वार्ड में भर्ती हूं। चिंता की बात नहीं है मैं ठीक हूं। इसके कुछ ही देर बात उन्होंने ट्वीट किया कि बीते दिनों मैं कुछ ऐसे लोगों के संपर्क में आया था जो कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे।

### बीजेपी नेता बिसाहूलाल का रिवॉल्वर पकड़े वीडियो वायरल, कार्यकर्ता को गालियां देने का आरोप

**भोपाल।** मप्र की शिवराज सरकार में मंत्री और अनूपपुर विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार बिसाहूलाल सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बिसाहूलाल के हाथ में पिस्तौल है और एक कार्यकर्ता को दिखा रहे हैं। इस वीडियो को कांग्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट किया है, जिसके बाद पार्टी ने बीजेपी नेता पर निशाना साधा है। कांग्रेस का कहना है कि पार्टी चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करेगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने बिसाहूलाल सिंह का ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया और दावा किया है कि वे रिवॉल्वर दिखाकर कार्यकर्ता को गाली दे रहे हैं।

## बिहार में हो रहीं रैलियां तो एमपी में क्यों नहीं: शिवराज

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच की रैलियों के संबंध में दिए गए आदेश के खिलाफ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। शिवराज ने गुरुवार को कहा कि बिहार में रोजाना रैलियां हो रही हैं। एक देश में इस तरह के विरोधाभासी कानून नहीं हो सकते हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में चुनावी रैलियों पर रोक लगाने वाले हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। बिहार में रोजाना चुनावी रैलियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, मैं इस फैसले का सम्मान करता हूं, लेकिन इस फैसले के संबंध में हम माननीय सर्वोच्च न्यायालय जा रहे हैं। एक असमंजस की स्थिति बन गई है, मध्यप्रदेश के एक हिस्से में सभाएं हो सकती हैं और दूसरे हिस्से में नहीं हो सकती। मुझे पूरा विश्वास है कि सर्वोच्च न्यायालय में हमें न्याय मिलेगा। मध्य प्रदेश में अगले महीने होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए शिवराज सिंह चौहान की शाडोरा और बराच में जनसभाएं थीं, जोकि हाई कोर्ट के आदेश के बाद निरस्त कर दी गईं। उन्होंने कहा, आज शाडोरा और बराच में मेरी सभाएं थीं, मैं वहां के नागरिकों से क्षमा मांगता हूं, हमने आज वो सभाएं निरस्त की हैं। माननीय उच्च न्यायालय की ग्वालियर बेंच ने एक फैसला दिया है जिसके तहत चुनावी रैली या सभाएं आयोजित नहीं की जा सकती हैं या चुनाव आयोग की अनुमति से ही आयोजित की जा सकती हैं। कोर्ट ने क्या दिया है आदेश? कोरोना वायरस महामारी के चलते मध्य प्रदेश की ग्वालियर बेंच ने नौ जिलों के डीएम को आदेश दिया है उन जगहों पर चुनावी रैलियों की तभी इजाजत दी जाए, अगर वर्चुअल मीटिंग होना मुमकिन नहीं हो।



### पूरे होते वादे-अब हैं नए इरादे के नारे के साथ जदयू का घोषणा पत्र जारी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के लिए सत्ताधारी जनता दल यूनाइटेड ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। गुरुवार को पटना में जदयू कार्यालय में हुए एक कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने इसे जारी किया। घोषणा पत्र को एक नए नारे के साथ जनता के सामने रखा गया है। पार्टी ने नारा दिया है, पूरे होते वादे, अब हैं नए इरादे। इस दौरान जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हमारा संकल्प है, युवा शक्ति-बिहार की प्रगति, आर्थिक हल-युवाओं को बल, आरक्षित रोजगार-महिलाओं को अधिकार और सशक्त महिला-सक्षम महिला। उन्होंने कहा कि हमने जो वादा किया है, उसे पूरा किया है। इस घोषणा पत्र के भी हर वादे को हम पूरा करेंगे। सात निश्चय-2 को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

### देश ने पार किया 10 करोड़ कोरोना जांच का आंकड़ा, अब तक 68 लाख से ज्यादा मरीज हो चुके हैं रिकवर

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के नए मामलों में पिछले कुछ दिनों से कमी आ रही है। जहां पहले 90 हजार से ज्यादा मामले रोज सामने आ रहे थे, वहीं अब यह मामले घटकर 60 हजार से नीचे हो गए हैं। इस बीच, देश में कोरोना की टेस्टिंग में भी तेजी आई है। देश में गुरुवार को दस करोड़ कोरोना जांच का आंकड़ा पूरा कर लिया है। वहीं, रिकवरी रेट भी तेजी से बढ़ रहा है। अब तक 68 लाख से ज्यादा मरीज संक्रमण को मात देकर ठीक हो चुके हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच भारत में अब तक दस करोड़ से ज्यादा जांच हो चुकी है। पिछली एक करोड़ कोरोना की जांच के लिए महज नौ दिन का समय लगा है। वहीं, 8-9 करोड़ कोरोना जांच में आठ दिन का समय लगा था। आंकड़ों के अनुसार, देश में 6 जुलाई को एक करोड़ कोरोना की जांच हो चुकी थीं। इसके बाद, 2 अगस्त को दो करोड़ कोरोना टेस्टिंग का आंकड़ा पूरा हो गया। वहीं, 16 अगस्त को तीन करोड़ लोगों की कोरोना जांच हो चुकी थी, जबकि 28 अगस्त को चार करोड़ कोरोना जांच पूरी हुई।

## होम मिनिस्ट्री ने अब भारत में हर किसी को आने की दी छूट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आज कोरोना गाइडलाइंस में संसोधन करते हुए विदेश से आने वाले लोगों को आने की अनुमति दे दी है। सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक, पर्यटन और चिकित्सा श्रेणियों को छोड़कर सभी मौजूदा वीजा तत्काल प्रभाव से बहाल करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने पर्यटक वीजा छोड़कर, सभी ओसीआई, पीआईओ कार्ड धारकों और अन्य विदेशी नागरिकों को किसी भी उद्देश्य से भारत आने की इजाजत दे दी है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर, सरकार ने फरवरी, 2020 से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की आवाजाही को रोकने के लिए कई कदम उठाए थे। सरकार ने अब भारत में प्रवेश करने या बाहर जाने के लिए इच्छुक विदेशी नागरिकों और भारतीय नागरिकों की अधिक श्रेणियों के लिए वीजा और यात्रा प्रतिबंधों में छूट देने का निर्णय लिया है। इसके के तहत, सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक वीजा, टूरिस्ट वीजा और मेडिकल वीजा को छोड़कर सभी मौजूदा वीजा को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का फैसला किया है। यदि ऐसे वीजा की वैधता समाप्त हो गई है, तो उपयुक्त श्रेणियों के ताजा वीजा भारतीय मिशन या संबंधित पोस्ट से प्राप्त किए जा सकते हैं। चिकित्सा उपचार के लिए भारत आने के इच्छुक विदेशी नागरिक अपने चिकित्सा परिचारकों



सहित, एक चिकित्सा वीजा के लिए नए सिरे से आवेदन कर सकते हैं। इसलिए, यह निर्णय विदेशी नागरिकों को विभिन्न उद्देश्यों जैसे व्यवसाय, सम्मेलन, रोजगार, अध्ययन, अनुसंधान, चिकित्सा आदि के लिए भारत आने की अनुमति देगा। सभी यात्रियों को कोरोना को लेकर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा।

### बिहार के चुनावी अखाड़े में उतरे इन युवाओं का राजनीति के पुराने खिलाड़ियों से होगा मुकाबला

पटना। राजनीति अब युवाओं को भी लुभाने लगी है। कारण चाहे जो हो, लेकिन अधिकतर युवा प्रत्याशियों का कहना है कि इसमें लोगों की सेवा का अवसर अधिक है। उनके लिए कुछ करने और समाज में बदलाव लाने का जरिया है राजनीति। मौजूदा विधानसभा चुनाव में खड़े कई ऐसे युवा हैं, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है, लेकिन वह चुनावी मैदान में डंटे हैं। उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं कि बड़े राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के सामने टिक पाएंगे या नहीं।

### बलिया कांड: मुख्य आरोपी धीरेंद्र सिंह को

## कस्टडी में लेकर उसके घर पहुंची पुलिस, असलहे की तलाश

#### ये था मामला

बलिया जिले के रेवती थाना इलाके के दुर्जनपुर गांव के पंचायत भवन में 15 अक्तूबर को हनुमानगंज और दुर्जनपुर की कोटे की दुकानों के चयन को लेकर खुली बैठक की जा रही थी। इस दौरान विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में तनातनी शुरू हो गई। प्रशासन के विरोध में नारेबाजी हुई। देखते ही देखते ईंट-पत्थर चलने लगे। इस दौरान पुलिस के सामने ही मुख्य आरोपी धीरेंद्र ने फायरिंग कर दी। इससे जयप्रकाश पाल (45) की गोली लगने से मौत हो गई। इस मामले में धीरेंद्र समेत आठ नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के 72 घंटे के बाद यूपी एसटीएफ ने लखनऊ के पॉलीटेक्निक चौराहे से मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया था।

**बलिया।** बलिया के दुर्जनपुर हत्याकांड के मुख्य आरोपी धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ डब्लू को पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। उसे जिला कारागार से सीधे रेवती थाना ले जाया गया है। उससे एक बंद कमरे में थाना प्रभारी/विवेचक प्रवीण कुमार सिंह ने पूछताछ की। इसके बाद धीरेंद्र को लेकर पुलिस उसके घर पहुंची।

बलिया के सीजेएम कोर्ट ने बुधवार को पुलिस रिमांड स्वीकार कर ली थी। धीरेंद्र को 22 अक्तूबर सुबह दस बजे से 24 अक्तूबर सुबह दस बजे तक 48 घंटे के लिए पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। कोर्ट ने अभियुक्त को अधिवक्ता साथ रखने की छूट दी है, जो पुलिस कार्रवाई में कोई हस्तक्षेप किए बिना दूर से कार्रवाई को देख सकता है। पुलिस ने धीरेंद्र को 48 घंटों के रिमांड पर लेने के बाद मेडिकल चेकअप कराया। उसके बाद आरोपी को 11 बजे रेवती थाना लेकर आई। अधिवक्ता बृजेश सिंह थाने पर साथ रहे। बंद कमरे में आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस दुर्जनपुर स्थित उसके आवास पर ले गई। आवास पर पहुंचते ही घर की महिलाएं आरोपी से लिपट कर रोने लगीं। बताया जाता है कि पुलिस की प्राथमिकता वारदात में इस्तेमाल



असलहे को बरामद करना है। पुलिस असलहे की तलाश में जुटी है। विवेचक/थानाध्यक्ष रेवती प्रवीण कुमार सिंह की ओर से अभियोजन अधिकारी अधिवक्ता ओंकार त्रिपाठी व शिवबचन राम ने रमेश कुशवाहा की कोर्ट में सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी पेश करते हुए कहा था कि 15 अक्तूबर को दुर्जनपुर गांव में जयप्रकाश पाल की हत्या के बाद अभियुक्त असलहे समेत फरार था। अधिवक्ता ने कहा कि कई मामलों के संबंध में पूछताछ करना जरूरी है। अभियुक्त ने असलहा कहां छिपाया है और चलकर बरामद करा सकता है ऐसी स्वीकारोक्ति की है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता भुवाल सिंह ने मौखिक आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि अभियुक्त ने किसी वस्तु को बरामद कराए जाने की बात नहीं कही है। विवेचक द्वारा मनमाने ढंग से इसे अंकित किया गया है। पुलिस कस्टडी रिमांड इसलिए मांगी जा रही है कि अभियुक्त को अनावश्यक रूप से केस में फंसाया जा सके। सीजेएम रमेश कुशवाहा ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला देते हुए कहा था कि पुलिस कस्टडी रिमांड इस शर्त के साथ स्वीकार की जाती है कि अभियुक्त को पुलिस कस्टडी रिमांड प्राप्त करने के पूर्व व न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल करने से पूर्व चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। कस्टडी के दौरान अभियुक्त पर अमानवीय व्यवहार का प्रयोग नहीं किया जाएगा। अभियुक्त चाहे तो अपना अधिवक्ता रख सकता है जो दूर से कार्रवाई देखेगा पर कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा।

# अम्बाह पोरसा के रठा खिल्ली गांव में कमलेश जाटव के समर्थन में जमकर बरषे सिन्धिया...

### कमलेश जाटव के समर्थन में उमड़ा जन सैलाब सिन्धिया के नाम के लगाये नारे...






**ब्यूरो केशब पंडित जी अम्बाह...**

**पोरसा...** अम्बाह विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के प्रत्याशी कमलेश जाटव के रूप में महुआ के पास रठा खेरली मैं भाजपा की आम सभा हुई जिसमें आम जनता ने तादाद की संख्या में भाग लिया तथा ज्योतिरादित्य की सभा में उन्हौने कहा पन्द्रह महीने मे अम्बाह बिधान सभा में एक भी बार कमलनाथ नही आये जब कि चम्बल बाढ राहत में जनता की उनको परेशानी देखना चाहिये जब मुझे दिल्ली खबर मिली तो पैदल पैदल रामगढ बिचपुरी नयाबॉस पहुंच कर नकाब से पीडित घिरे ब्यक्तियो को सुरक्षित जगह पर पहुचाया में आप एक परिबार है और यहां अपने परिहार की परेशानी को देखते हुये रामगढ तक पक्की सडक बनाने का निश्चय किया है यहां की जो जनता चंबल घाटी की है वह मेरी एक परिवार के सदस्य की तरह है मैं सदैव इस जनता की देखरेख करूंगा चाहे कुछ भी हो जाए चाहे मुझे सड़क पर चलना ना पड़े मैं चंबल घाटी की आन बान शान के लिए तैयार हूं और कमलेश जाटव को आशीर्वाद देकर सभा को संबोधित किया यहां की जनता ने उनको हार्दिक शुभकामनाओं सहित जय जय कारे लगाए।

# पंद्रह सौ पेटी बारदाना सहित छह लाख की अंग्रेजी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**केशब पडिंत जी अम्बाह...**

**जौरा...** गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मजरा का पुरा गांव में अवैध शराब तैयार करने के लिए 52500 खाली क्वार्टरो से भरी पंद्रह सौ पेटीयो सहित अंग्रेजी शराब से भरी हुई 12 पेटीया बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है पुलिस द्वारा जप्त किए गए खाली बारदाना सहित पकडी गई शराव की कीमत छह लाख पन्द्रह हजार रुपए बताई गई है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात मजरा पुरा गांव में अवैध शराब के भंडारण की सूचना मुखबिर के जरिए पुलिस को मिलने पर तस्दीक के लिए मय फोर्स के मौके पर पहुंचा तब वहा उत्तम बघेल के घर के पास शराब की पेटियो की टाल लगी हुई नज़र आई पड़ताल करने पर अंग्रेजी शराब के 600 क्वार्टरो से भरी रोयल सिलेक्ट ब्रांड की 12 पेटी कीमत 90 हजार एवं अवैध शराब तैयार कर पैक करने के लिए रखी 52500 खाली क्वार्टरो से भरी पंद्रह सौ पेटीया जिन पर बून पारा ब्रांड अंकित होकर सोम डिस्टलरी एवं कार्टूनो पर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत लिखा हुआ होना



पाया गया पुलिस द्वारा जप्त इस खाली बारदाने की कीमत पांच लाख पच्चीस हजार होना बताया गया है मौके पर मिले आरोपी अरुण पुत्र रमेश बघेल 25 नि.गंगा मालनपुर पुरानी छावनी ग्वालियर से पूछताछ मे बताया कि यह सभी बारदाना एवं शराब ट्रक आरजे 11 जीव्ही 0111 का चालक रविपाल नि.देवरी हाल बीटीआई स्कूल के पास और उसका बड़ा भाई संतोष पाल तीन-चार दिन पूर्व फिरोजाबाद से भरकर लाए थे जिसे वह अपने बहनों उत्तम बघेल नि.मजरा का पुरा के यहां यह कह कर छोड़ गए कि ट्रक खराब हो गया है इसलिए इसे यहाँ अनलोड कर दिया है बाद में इसे ले जाऊंगा और मुझे इसकीक्ष सुरक्षा के लिए यहां छोड़ दिया था पुलिस द्वारा मामले को लेकर शराब के भंडारण करने के बैध कागजात नहीं मिलने पर माल को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है मामले में पुलिस ने अरुण पुत्र रमेश बघेल ट्रक मालिक रविपाल संतोष बघेल के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर ट्रक और शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है एसडीओपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि पकड़ी गई शराब एवं खाली बारदाने में शराब तैयार कर उसे विधानसभा उपचुनाव में खपाए जाने की संभावना व्यक्त की है पुलिस द्वारा गिफ्ट किए गए मशरूका की कुल कीमत छह लाख पन्द्रह हजार रुपए होना बताई गई है.



# बूथ कैप्चरिंग कर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा: कटारे

**अनिल पाराशर पुष्पांजलि टुडे**

**भिण्ड-** राज्यमन्त्री ओपीएस भदौरिया का वायरल वीडियो पर कांग्रेस प्रत्याशी हेमंत कटारे ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में प्रशासन और निर्वाचन आयोग का ध्यान आकर्षित कर कहा भाजपा प्रत्याशी ओपीएस भदौरिया के एक वीडियो से ये स्पष्ट हो रहा है भाजपा बूथकैप्चरिंग के साथ जीतना चाहती हैं, इसलिए वो फर्जी मतदान के लिए युवाओ को प्रेरित कर रहे हैं। जिसमे में सरेआम कह रहे हैं जो मतदाता है वो और जो नही है उनके भी वोट डालो जिससे जितना ज्यादा फर्जी मतदान अपने बहुल्य क्षेत्र में होगा वही अंतर अपनी जीत में लाभकारी होगा। श्री कटारे ने कहा मतदान केंद्रों पर विशेष फोर्स की व्यवस्था की जाए साथ ही लगभग 70 से ज्यादा मतदान केंद्र संवेदनशील है जिनपर वीडियो ग्राफी और बाहरी फोर्स की व्यवस्था की जाए। कांग्रेस ने 70 से ज्यादा मतदान क्षेत्रो को संवेदनशील घोषित करने के लिए निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। साथ ही हेमंत कटारे जी की तरफ एक पिटीशन कोर्ट में दायर की गई हैं, मतदान केंद्र के बाहर और अंदर एक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं जिससे इनके द्वारा बलपूर्वक फर्जी मतदान को रोका जा सके। श्री कटारे ने कहा भाजपा पहले भी सत्ता का प्रयोग कर अटेर उपचुनाव में प्रशासन और पुलिस पर दवाब बनाकर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर चुके है। तब रातो रात थाना प्रभारीयों और अधिकारियों को हटाया गया था। इसलिए निर्वाचन आयोग को तुरंत ध्यान आकर्षित कर कार्यवाही करनी चाहिए। तभी एक स्वच्छ लोकतंत्र छवि कायम रहेगी।

# सामूहिक गोशाला सेवा समिति लीलाम्बा में अत्याधुनिक सुविधायुक्त गौ एंबुलेंस का लोकार्पण

**नारायणलाल सेणचा**

गौशाला अध्यक्ष अमरचंद सीरवी ने बताया कि नवरात्रि पर गो वंश की सेवा को समर्पित गौ एम्बुलेंस का लोकार्पण लीलाम्बा ग्राम के ग्राम वासियों द्वारा बनाई गई 5.15 मण लापी खिलाकर कथावाचक अशोक जी दाधीच जोधपुर ओर ग्रामवासियों के द्वारा किया गया। इस सामूहिक गौशाला ओर रायपुर तहसील के अंतर्गत जितने भी गांव के दुर्घटनाग्रस्त गो वंश को लाने ले जाने हेतु आधुनिक उपकरण युक्त एम्बुलेंस की सुविधा हर वक्त उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर राठोड़ हैदराबाद कहा कि वास्तव मे जिस प्रकार की सेवा इस गौशाला में गौ वंश की होती है वह तारीफे काबिल है। कथावाचक अशोक जी दाधीच ने कहा कि गौशाला में आय के कम स्रोत होते हुए भी सेवा कार्य में



सामूहिक गौशाला समिति पूरी टीम गौ सेवा तन मन और लगन से करते हैं। इस सामूहिक गौशाला के अंदर एंबुलेंस की मुहिम का उद्घाटन महावीर राठौड़ साहब ने किया जो आज यह सपना साकार हुआ समस्त ग्राम वासियों की ओर से महावीर राठौड़ को धन्यवाद देते हैं और आगे भी ऐसे नेक कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं इस दौरान अतिथि के रूप में रायपुर तहसील गौशाला एसोसिएशन अध्यक्ष अमरचंद सीरवी लीलाम्बा, उपाध्यक्ष सोम दाधीच कर्मावास मालियान , कोषाध्यक्ष चेतन शर्मा जैन गौशाला डॉ.सूर्य प्रकाश जी सीरवी एवं डॉक्टर टीम, ग्राम लीलाम्बा के सरपंच विजय लक्ष्मी कवर ओर उपसरपंच महिपाल सिंह जी ठाकुर साहब, चेनाराम जी माली रायपुर सरपंच अशोक सीरवी कुशालपुरा सरपंच नारायणलाल सीरवी पूर्व सरपंच एवं पास के गांवो से पधारे सभी गौ-भक्त, समस्त ग्रामवासी लिलाम्बा कुशालपुरा, ऐस्थाई हॉस्पिटल सचिव नेमिचंदजी सिंघवी कुशालपुरा, सह सचिव धनपत राज गौड़ कुशालपुरा, संरक्षक डॉक्टर थानाराम सीरवी, पिपलिया कला, डॉक्टर कमल किशोर माली रायपुर,डॉक्टर एस पी सीरवी पशु चिकित्सालय जैन गौशाला कुशालपुरा आदि उपस्थित थे। पुनः हम सभी ग्रामवासी मिलकर महावीर राठौड़ का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं धन्यवाद

## खेरागढ़ तहसील के गाँव अयेला में पंजाब नेशनल बैंक में समय पर नही पहुचते कोई भी अधिकारी व कर्मचारी

**आगर से जिला रिपोर्टर राहुल कुमार की रिपोर्ट**

खेरागढ़ तहसील के गाँव अयेला में पंजाब नेशनल बैंक में समय पर नही पहुचते कोई भी अधिकारी व कर्मचारी गाँव आयेला की पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी करते हैं मनमानी समय का कोई भी धियान नही दिया जा रहा है खाता धारक पैसे निकलने के लिए परेसान थे लेकिन बैंक में कोई भी कर्मचारी नही था लेकिन बैंक खुली हुई थी ना ही सोशल डिसेंसी का पालन हो रहा है आज दिनांक 22/10/2020 को सुबह 10-30 बजे तक बैंक में कोई भी अधिकारी कर्मचारी बैंक में नही पहुँच आएल की पंजाब बैंक में इसी तरह कर्मचारी मनमानी किया करते हैं बैंक में पासबुक एंट्री करने वाली मसीन काफी समय से खराब पड़ी हुई है किसी का कोई भी धियान नही है



# विकास की योजना के कार्यों की शुरुआत की गई

**पाली.** नेनाराम सिरवी.राजस्थान पंचायत राज विभाग ग्रामीण स्तर पर ग्रामीण सरकार ग्राम पंचायत द्वारा विकास की योजना के कार्य पाली पंचायत समिति के लगभग हर ग्राम पंचायत स्तर पर शुरू किए गए. पाली पंचायत समिति ग्राम पंचायत सोडावास सरपंच श्रीमती राधा देवी सीरवी के कार्यकाल के दौरान प्रथम चरण के शुरुआती दौर में



जलभराव की समस्या एवं साफ सफाई का कार्य शुरू करके पूरा किया गया.कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसार सरपंच श्रीमती राधा देवी सीरवी के दिशा निर्देशानुसार अपने ग्राम पंचायत के संपूर्ण कर्मी ग्राम विकास अधिकारी संबंधित विभागीय कर्मियों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान के माध्यम से आम जनता को सामाजिक दूरी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई.ग्रामीण क्षेत्रों के अशिक्षित गरीब वर्ग की जनता को कोविड-19 को रोकने के लिए अपने क्षेत्र के द्वारा करके हर प्रकार जानकारी दी गई.ग्राम पंचायत के संपूर्ण राजस्व गांव में जलभराव की समस्या का समाधान करने के लिए कार्य किए गए एवं ग्रेवल सड़क का कार्य शुरू करवाया गया. जिसमें कई वर्षों से स्थानीय ग्रामीणों की मांग के अनुसार ग्रामीण सड़क का कार्य शुरू करवाया गया. अपने ग्रामीण क्षेत्र में निशुल्क मास्क वितरण किए गए.नल जल योजना को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा संपूर्ण प्रयास किए जा रहे ..पाली पंचायत समिति ग्राम पंचायत वडेर वास सरपंच श्रीमती लीला देवी सिरवी खेरवा सरपंच श्रीमती संतोष कंवर.टेवाली. सरपंच जोगाराम कुमावत मांडल सरपंच सुराराम माली.बालराई. सरपंच केसाराम कुमावतद्वारा विकास के योजना के कार्यों की शुरुआत की गई और कई कार्य इनके कार्यकाल के दौरान भी पूरे किए गए. राधा देवी सीरवी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत के राजस्व गांव गुड़ा बिच्छू के मुख्य रोड का कार्य शुरू करवाया गया जिसमें सीसी का निर्माण किया जाएगा. पाली पंचायत समिति के कई ग्राम पंचायत स्तर पर विकास के योजना के कार्यों की शुरुआत की गई और कोविड-19 को रोकने के लिए संपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं



# निगम की पार्षद द्वारा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था

**अमन राय ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

दुर्गापुर शहर के 28 नंबर वार्ड अंतर्गत नबो सागरभंगा से नाबोदिगन्ता इलाके में बरसों से कोई स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं थी. स्थानीय लोगों को इससे परेशानी हो रही थी. स्थानीय लोगों को आने जाने में दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती थी. स्थानीय लोगों की समस्याओं को देखते हुए वार्ड के पार्षद अंकिता चौधरी ने निर्णय लिया स्ट्रीट लाइट बनाने का जो पूरा हो गया है. जिसका शुभारंभ दुर्गापुर नगर निगम के एमएमआईसी सह पार्षद अंकिता चौधरी ने किया. पार्षद अंकिता चौधरी ने बताया कि इसे पूरा करने में 1.3 लाख का खर्चा हुआ है . उम्मीद करती हूं इलाके के लोगों को इससे फायदा होगा. ज्ञात हो कि नबोदिगन्ता कुष्ठ परिवारों का इलाका है यहां के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही थी. स्ट्रीट लाइट के जल जाने से क्षेत्र के लोगों में खुशी देखी जा रही है.

## क्षेत्र के लोग आस्था के साथ पहुंच रहे हैं दर्शन लाभ लेने

**पिछोर।** नवरात्रि में जगह जगह माता रानी की मूर्तियों कि स्थापना बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ होती हैं और लोग उपासना भी करते हैं ऐसे ही पिछोर के ग्राम मल्हावनी में भी माता की झांकियों दौर चल रहा है जहाँ नौ देवियां के कार्यक्रम को देखने दूर-दूर से लोग आते हैं इसी क्रम में इस वर्ष भी ग्राम मल्हावनी के रामजानकी मंदिर प्रांगण में नौ देवियों की स्थापना क्षेत्र में चर्चा व आस्था का केंद्र बनी हुई है जहां पर



ग्राम वासियों ने बड़ी आस्था के साथ नौ देवियों की स्थापना की है जिसे देखने दूर-दूर से लोग दर्शन लाभ देने पहुंच रहे हैं विनायक शर्मा ने बताया इस वर्ष नवदुर्गा समिति मल्हावनी द्वारा नौ देवी की मूर्तियों के साथ साथ गणपति महाराज की भी स्थापना की गई है जिससे भक्तों में उत्साह व श्रद्धा का भाव बना हुआ है समिति के सदस्य अमित पुजारी,अमन भट्ट, सौरव करण, अनूप योगी, सोहन लोधी, सत्यम राजा आदि सभी सदस्यगण ने भक्तगणों से अपील की है कि राम जानकी पंडाल मे पहुच कर दर्शन लाभ लेने अधिक से अधिक संख्या में दर्शन करने अवश्य ही पधारे।

# लैब प्रभारी आशुतोष उपाध्याय ने मैकेनिकों को दिया प्रशिक्षण

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में मैकिनिको को दिया गया प्रशिक्षण

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला केमिस्ट भगवती शर्मा के निर्देशन में सहायक यंत्री के.सी.झा एवम उपयंत्री दीपक शाक्य के समक्ष लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड लहार के लेब प्रभारी आशुतोष उपाध्याय द्वारा उपखण्डीय प्रयोगशाला लहार के कार्यालयीन मैकेनिकों व कर्मचारियों को फील्ड टेस्ट किट (स्नञ्ज्य)एवम जल गुड़बत्ता व स्वक्षता के विषय मे प्रशिक्षण दिया गया एवम किट



वितरित की गई इस मौके पर सन्तोष दिवाकर, अमानत खान, राजबहादुर, पंजाब सिंह, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र जाटव, महेंद्र दोहरे, लल्लू कुशवाह, रामकुमार उपाध्याय एवम समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धरने का उद्घाटन महामंडलेश्वर स्वामी डॉ.आदित्यानंद जी महाराज ने किया

धर्म रक्षा संघ का अनिश्चितकालीन धरना आज ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर के मुख्य द्वार के सामने सड़क पर प्रारंभ किया गया। धरने का उद्घाटन महामंडलेश्वर स्वामी डॉ.आदित्यानंद जी महाराज ने किया ।धरना स्थल पर संत महात्मा,धर्माचार्य,व्यापारी,तीर्थ पुरोहित,श्रद्धालु जन एवं सामान्य जनता के साथ धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थे।महामंडलेश्वर स्वामी डा.आदित्यानंद जी महाराज ने कहा कि ठाकुर बांके बिहारी जी का मंदिर न सिर्फ संपूर्ण ब्रजमंडल के आस्था का केंद्र है बल्कि अर्थव्यवस्था का भी एक मजबूत केंद्र है।सारे ब्रजमंडल की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के कारण ही चलती है।धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक महामंडलेश्वर स्वामी रुद्रदेवानंद जी महाराज ने कहा कि आज बांके बिहारी मंदिर के बंद होने के कारण श्रद्धालुओं को भावनात्मक और धार्मिक दृष्टि से जो कष्ट हो रहा है उतना ही कष्ट ब्रजमंडल के व्यापारियों तीर्थ पुरोहित समाज के लोगों और अन्य बांके बिहारी मंदिर में आने वाले तीर्थ यात्रियों के कारण प्राप्त होने वाली रोजीरोटी में लगे लोगों को हो रहा है,जब तक बांके बिहारी के मंदिर नहीं खुलेंगे तब तक ब्रज मंडल में रौनक वापस नहीं आएगी।धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन की नाकामी के कारण आज बांके बिहारी के दर्शन आम जनता के लिए बंद कर दिए गए हैं यह मुख्यमंत्री माननीय श्री आदित्यनाथ योगी जी महाराज को बदनाम करने की एक सोची समझी साजिश और षड्यंत्र नजर आता है।धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक नीरज गौतम ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि तुरंत बांके बिहारी मंदिर को पूर्व की भांति खोला जाए जिससे आम दर्शनार्थी और श्रद्धालु दर्शन कर सकें।धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य समीर शुक्ला ने घोषणा की कि आज धरना स्थल पर सभी संत महात्माओं एवं धर्माचार्यों के साथ सभी श्रद्धालुओं ने निर्णय किया है कि यदि 30 अक्टूबर शरद पूर्णिमा के दिन तक दर्शन बांके बिहारी मंदिर के दर्शन पूर्व की भांति प्रारंभ नहीं किए गए तो धर्म रक्षा संघ के नेतृत्व में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश करेंगे,इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।बांकेबिहारी मंदिर के सेवाधिकारी आशीष गोस्वामी ने कहा कि प्रशासन को जितना जल्दी हो सके अपनी व्यवस्थाएं सुचारू कर मंदिर के दर्शन आम जनता के लिए खोलने का निर्णय लेना चाहिए जिससे सभी श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना तृप्त हो और ब्रजवासियों की अर्थव्यवस्था भी पटरी पर आये। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा एवं ताराचंद गोस्वामी ने धर्म रक्षा संघ के धरना को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि आने वाले समय में यदि अति शीघ्र दर्शन नहीं खुलते हैं तो जो भी निर्णय संत समाज और धर्म रक्षा संघ लेंगे उसका पालन किया जाएगा। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने धरने में पधारे सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया और आगे भी इसी प्रकार सहयोग देते रहने का अनुरोध किया। धरने में महंत तमाल कृष्ण दास,ब्रज किशोर पचौरी,मेघ श्याम गौतम रविकांत गौतम मनीष मैच गिरधारी ठोक दा दिनेश जादौन,वृन्दावन मिश्र,मुरारी स्वामी,महेश्वर, वैभव सिद्ध, धीरज गौतम,प्रतीक शर्मा आदि अनेक लोग उपस्थित थे।



# लोकतंत्र को सशक्त करने मतदाता मतदान कर सशक्त भूमिका निभाएं

**भिण्ड ।** हर एक मत का महत्व बराबर है। सभी मतदाताओं का नैतिक दायित्व है कि वे अनिवार्य रूप से मतदान करें और लोकतंत्र को सशक्तकरने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस संदेश को हर एक मतदाता तक पहुँचाने के लिए सतत रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। इसीक्रम में मेहगांव एवं गोहद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में बीएलओ के नेतृत्व में मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आजीविका समूहों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है कि स्वयं तो अपनेमताधिकार का प्रयोग करें ही साथ ही अपने पड़ोसियों एवं परिजनों को भी मतदान का महत्व बता अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरितकरें।



## मप्र में सिंधिया खेमे के दो मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

# सीएम शिवराज ने किया मंजूर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा की 28 सीटों के लिए होने जा रहे उपचुनाव में कई निर्दलीय उम्मीदवार भी किस्मत आजमा रहे हैं। ऐसे में यहां से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बिना विधायक बने छह महीने होने पर मध्य प्रदेश के दो मंत्री तुलसी सिलावट और गोविंद राजपूत ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपना इस्तीफ़ा सौंप दिया है। मुख्यमंत्री ने दोनों नेताओं के इस्तीफा स्वीकार कर राजभवन भेज दिए। बता दें कि दोनों ही नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। ये दोनों इस बार के उपचुनाव लड़ रहे हैं। दरअसल, संवैधानिक प्रावधान है कि कोई भी मंत्री सदन का सदस्य बने बिना 6 महीने से ज्यादा समय तक मंत्रीपद पर नहीं रह सकता है। उपचुनाव की बात करें तो सांवेर विधानसभा उपचुनाव में मुख्य मुकाबला बीजेपी के तुलसीराम सिलावट और कांग्रेस के प्रेमचंद गुड्डू के बीच है। हाल ही में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने नामांकन भरा तो वहीं, अगले दिन गुरुवार को प्रेमचंद गुड्डू ने भी नामांकन दाखिल किया। सांवेर से चार बार विधायक रहे मध्य प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने अबकी बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है।

# सहकारी क्षेत्र में यूरिया एवं डी.ए.पी. की पर्याप्त उपलब्धता

**भोपाल।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा है कि प्रदेश में सहकारी क्षेत्र के वितरण केन्द्रों में यूरिया एवं डी.ए.पी. की पर्याप्त उपलब्धता है। आज की स्थिति में वितरण/ भंडारण केन्द्रों में 2.21 लाख मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को विक्रय के लिये उपलब्ध है। जिसमें 75 हजार टन यूरिया तथा 1.16 लाख टन डी.ए.पी. उर्वरक शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त दिन प्रतिदिन उर्वरक निर्माताओं से रैक के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में यूरिया, डी.ए.पी तथा अन्य रासायनिक उर्वरकों की आवक लगातार जारी है। सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने बताया कि प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से गत वर्ष में एक अक्टूबर 2019 से 21 अक्टूबर 2019 तक यूरिया, डी.ए.पी. व अन्य रासायनिक उर्वरक सहित कुल मिलाकर 1.19 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया था, जबकि चालू वर्ष में उक्त अवधि में 2.25 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का विक्रय किया जा चुका है, जो कि गत वर्ष की तुलना में लगभग दो गुना है।

सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने बताया कि वर्ष 2018-19 में रबी मौसम में एक अक्टूबर से 21

**प्रदेश में अब तक पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना उर्वरकों का वितरण : सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया**

अक्टूबर की अवधि में 51 हजार 940 मीट्रिक टन, वर्ष 2019-20 में एक लाख 11 हजार 822 मीट्रिक टन तथा वर्ष 2020-2021 में एक लाख 37 हजार 828 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में चालू रबी मौसम में 23.26 प्रतिशत अधिक यूरिया का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि सहकारी क्षेत्र के सभी वितरण केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है तथा किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार यूरिया का वितरण किया जा रहा है। सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने बताया कि इसी प्रकार वर्ष 2018-19 में रबी मौसम में एक अक्टूबर से 21 अक्टूबर की अवधि में 70 हजार 572 मीट्रिक टन, वर्ष 2019-20 में 51 हजार 552 मीट्रिक टन तथा वर्ष 2020-21 में 83 हजार 171 मीट्रिक टन डी.ए.पी. का वितरण किया गया है। इस प्रकार प्रदेश में गत वर्ष की तुलना में 61.33 प्रतिशत अधिक डी.ए.पी. का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि चूँकि यूरिया व डी.ए.पी. पर भारत शासन द्वारा अनुदान की सुविधा है इसलिये किसानों से प्रमाण स्वरूप एक दस्तावेज लिया जाता है। वितरण केन्द्रों पर किसानों को उर्वरकों का सुविधापूर्वक वितरण हो सके, इसलिये व्यवस्था स्वरूप पंक्ति में खड़ा किया जाता है।

## कोविड में तनाव से जूझ रहे बच्चों के लिए बाल आयोग ने शुरू की 'संवेदना टोल फ्री टेली काउंसलिंग

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण के चलते मानसिक रूप से प्रभावित हो रहे बच्चों के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नई पहल की है। आयोग ने %%संवेदना%% नाम से टोल फ्री टेली काउंसलिंग शुरू की है। इसके लिए टोल फ्री नम्बर 1800-1212-830 जारी किया गया है, जिस पर बच्चें कॉल कर विशेषज्ञों से बात कर अपनी समस्या का समाधान पा सकते है। कोविड-19 के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ा है। ऐसे बच्चें टोल फ्री नम्बर पर सुबह 10 से 1 बजे तक और दोपहर 3 से रात्रि 8 बजे तक सोमवार से शनिवार अपनी समस्याओं पर विषय विशेषज्ञों, काउंसलर से बात कर सकते है।



## जादू-टोना के शक में सगी ताई को कुल्हाड़ी से काट डाला

**भोपाल।** भोपाल के कटारा हिल्स थाने में 27 साल के एक लड़के ने जादू-टोना के शक में अपनी सगी ताई की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। आरोपी को आशंका थी कि उसकी ताई उस पर जादू-टोना करवा रही है। इसके कारण वह बीमार रहने लगा है। हत्या के बाद परिजन ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जब पुलिस पहुंची तो वह खून से सनी कुल्हाड़ी लिए खड़ा था। एएसपी राजेश सिंह भदौरिया के अनुसार, घटना कटारा हिल्स के बरई गांव की है। यहां रहने वाली 50 साल की शांति बाई दोपहर करीब 2 बजे घर पर काम कर रही थी। इसी दौरान उनके सगे देवर का 27 साल का बेटा राजू कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंच गया। उसने मारपीट शुरू कर दी। वह जान बचाने के लिए यहां-वहां भागी, लेकिन राजू ने उनके सिर पर कुल्हाड़ी मार दी। इससे वे मौके पर ही गिर गईं। इसके बाद उसने कुल्हाड़ी से एक-दो और वार किए। युवक को शांति पर हमला करते देख परिवार के अन्य सदस्यों ने उसे पकड़ लिया। तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। एएसपी भदौरिया ने बताया कि राजू का कहना है कि वह कुछ समय से बीमार चल रहा है। उसकी बीमारी का कोई इलाज नहीं निकल रहा था। उसे संदेह है कि उसकी ताई उस पर जादू-टोना करवा रही है। इस कारण उस पर दवाई का कोई असर नहीं हो रहा है। इसलिए उसने उनकी हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि आरोपी के यह शुरुआती बयान हैं। राजू के बयानों की जांच की जाएगी।

## धर्मपालः भारतीय शिक्षा को पुनः खोजने वाले इतिहासकार पर अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार 24 को

**भोपाल।** विख्यात गांधीवादी विचारक एवं इतिहासकार धर्मपाल की पुण्य तिथि पर 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित किया जायेगा। वेबीनार का विषय धर्मपाल ‑भारतीय शिक्षा को पुन‑ खोजने वाले इतिहासकार होगा। संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थान एवं धर्मपाल शौधपीठ भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार में पर्यटन संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर मुख्य अतिथि होंगी। वेबीनार में अधिष्ठाता गांधी शोध प्रतिष्ठान जलगांव धर्मपाल का जीवन और उनके कार्य विषय पर वक्तव्य देंगी। इसके साथ ही वक्ता भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं दर्शन के शोधार्थी डॉ. अंकुर कक्कड़ क्या धर्मपाल द्वारा रचित द ब्यूटीफुल ट्री हमें नई शिक्षा नीति लागू करने में सहायक हो सकती है विषय पर वक्तव्य देंगे। प्रमुख सचिव संस्कृति, पर्यटन एवं जनसम्पर्क श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा है कि इच्छुकजन वेबीनार में लिंक के माध्यम से जुड़ सकते हैं।

### भारतीय शिक्षा को पुनः खोजने वाले इतिहासकार

धर्मपाल (1992-2006) एक गांधीवादी विचारक और इतिहासकार थे, जिनके अग्रणी कार्य ने भारतीय शिक्षा, राजनीति और सामाजिक संरचनाओं की औपनिवेशिक कथा को चुनौती दी और खारिज कर दिया। धर्मपाल ने 1964 में अपना अध्ययन शुरू किया और भारतीय समाज के एक विशाल कोष का अनावरण किया। धर्मपाल का शोध जो मुख्य रूप से ब्रिटिश लाइब्रेरी और इंग्लैंड और भारत के अन्य अभिलेखागार में किया गया था, द ब्यूटीफुल ट्री सहित विभिन्न मौलिक प्रकाशनों के रूप में प्रकाशित किया गया। द ब्यूटीफुल ट्री अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी की शुरूआत में भारत में शिक्षा प्रणाली का वर्णन करती हैं। धर्मपाल के मौलिक योगदानों में से एक यह था कि उनके काम ने ब्रिटिश शासन से पूर्व भारतीय समाज की एक अच्छी तरह से प्रलेखित तस्वीर पेश की। हमारे अतीत का पुनर्मूल्यांकन करने के इस प्रयास के साथ ही इस सम्मेलन का उद्देश्य धर्मपाल के काम और विशेष रूप से भारतीय शिक्षा के इतिहास में उनके स्थायी योगदान पर चर्चा करना है।

## कार्यालयों में अब होगी शत-प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति

### राज्य शासन द्वारा आदेश जारी

**भोपाल।** भारत सरकार के अनलॉक-5 के निर्णय एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगातार किए जा रहे अनुरोध के परिप्रेक्ष्य में, कार्यालयों में कार्यक्षमता में वृद्धि करने की दृष्टि से अब अधिकारियों के ही समान सभी कर्मचारियों की, सभी कार्यालयों में उपस्थिति भी शत-प्रतिशत रहेगी। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। कार्यालयों में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रत्येक कर्मचारी को स्वयं एवं अन्य की सुरक्षा के हेतु मास्क का उपयोग करना होगा। प्रत्येक कर्मचारी के लिए अनिवार्य होगा कि वह कार्यलयीन अवधि में मास्क से मुँह एवं नाक ढंककर रखें तथा बात करते समय मास्क को नीचे न करें। कार्यालयों में सोशल डिस्टेसिंग के लिए परस्पर पर्याप्त दूरी रखें। सम्पर्क में आने वाली सतहें, दरवाजों के हैंडल, हैंण्डरेल, शौचालय इत्यादि को नियमित रूप से सेनेटाईज किया जाए। अभिवादन के लिए आपस में हाथ न मिलायें तथा एक साथ बैठकर चाय/भोजन इत्यादि न करें। नियमित रूप से साबुन-पानी तथा एल्कोहल युक्त हैण्ड सेनेटाईजर का उपयोग करें। कोविड-19 संबंधी कोई भी लक्षण जैसे सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार सांस लेने में तकलीफ आदि के लक्षण हों तो तत्काल फीवर क्लीनिक में परीक्षण करायें तथा संबंधित कार्यालय प्रमुख को सूचित करें।




## मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए किया जा रहा है जागरूक

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा उपचुनाव कार्यक्रम के तहत सांची विधानसभा के लिए 0× नवम्बर को मतदान होगा। विधानसभा उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने स्वीप प्लान के तहत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रैली, रंगोली, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को मतदान का महत्व समझाते हुए 0× नवम्बर को सांची विधानसभा उपचुनाव में बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## विधानसभा उपचुनाव में ऑनलाइन अनुमति की सुविधा

**रायसेन।** विधानसभा उपचुनाव के तहत राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचन में विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में एकल खिड़की की व्यवस्था की गई है। सभी राजनैतिक दल, प्रत्याशी वेब पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सुविधा पोर्टल के माध्यम से विशेष रूप से वाहन रैली, जनसभा, हेलीकाप्टर, अस्थाई कार्यालय की अनुमति प्राप्त कर सकेंगे। पोर्टल पर मोबाईल नम्बर के माध्यम से एक बार रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् सभी अनुमतियां लॉगिन आईडी/पासवर्ड से प्राप्त की जा सकेंगी एवं उनका स्टेटस भी पता किया जा सकेगा। राजनैतिक दल के उम्मीदवार स्वयं, अपने एजेंट, पार्टी प्रतिनिधि, निर्वाचन एजेंट अपना लॉगिन स्वयं बना सकते हैं। आयोग द्वारा यह सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है कि यदि राजनैतिक दल ऑनलाइन आवदेन नहीं करना चाहते हों, तो वे ऑफलाइन माध्यम से भी निर्वाचन कार्यालय को आवेदन कर सकते हैं।

## मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**रायसेन।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदान दलों के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मतदान दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराने के साथ ही सफलतापूर्वक मतदान समपन्न कराने की समस्त जानकारी दी रही है। उल्लेखनीय है कि सांची उप चुनाव सम्पन्न कराने 475 मतदान दलों के 1900 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर टेनर श्री अरूण गोयल द्वारा मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए ईवीएम संचालन के संबंध प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए दिए गए निर्देशों की भी जानकारी जा रही है।

## जिले में अभी तक कोरोना के 1674 पॉजीटिव मरीज मिले

**रायसेन।** रायसेन जिले में अभी तक नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण के कुल 1674 पॉजीटिव मरीज मिले हैं। सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री से प्राप्त जानकारी अनुसार 1492 कोरोना पॉजीटिव मरीजों को उपचार उपरांत स्वस्थ्य होने पर डिस्चार्ज किया गया है। जिले में कुल 152 एक्टिव केस है जिनका उपचार किया जा रहा है। इनके अतिरिक्त 30 कोरोना पॉजीटिव मरीजों की भोपाल के अस्पतालों में मृत्यु हुई है। जिले में अभी तक कुल 33400 संदिग्ध मरीजों के सेम्पल जांच के लिए भेजे गए है जिनमें जिले के 1428 तथा जिले से बाहर 246 मरीजों की रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव है। इसी प्रकार 31243 सेम्पल की रिपोर्ट निगेटिव है तथा 326 सेम्पल की रिपोर्ट प्रतीक्षित है। इनके अतिरिक्त 219 सेम्पल रिजेक्ट हो गए हैं। होम कोरेंटाइन में रखे गये व्यक्तियों एवं आम जनता के स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए जिला चिकित्सालय रायसेन में टेलिमेडिसिन हेतु मोबाईल/व्हाट्सएप नम्बर 8223991808, 8224041801 जारी किया गया है। इन नम्बरों पर स्वास्थ्य संबंधी समस्या का चिकित्सकीय उपचार दिया जा रहा है।

## आमजन और राजनैतिक दलों से मिलेंगे ऑब्जर्वर

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सांची विधानसभा उप चुनाव संबंधी कार्य संपादन के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर श्री कृपानंद झा आईएएस तथा पुलिस ऑब्जर्वर श्री जितेन्द्र मिश्रा आईपीएस रायसेन स्थित सर्किट हाउस में आमजन और राजनैतिक दलों से भेंट करेंगे। निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए आमजन और राजनैतिक दल जनरल ऑब्जर्वर श्री झा से सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक-01 में तथा पुलिस ऑब्जर्वर श्री मिश्रा से सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक-02 में दोपहर 03 बजे से शाम 04 बजे तक मुलाकात कर सकते हैं। इसी प्रकार व्यय ऑब्जर्वर श्री संतोष कुमार आईआरएस से आमजन एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि दोपहर 03 बजे से शाम 04 बजे तक रायसेन तहसील परिसर स्थित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में मुलाकात कर सकते हैं।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए अनुमति जरूरी

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा उपचुनाव कार्यक्रम के तहत सांची विधानसभा उपचुनाव के लिए 03 नवम्बर को मतगदान होना है। उपचुनाव अवधि के दौरान कोलाहल पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री उमाशंकर भार्गव द्वारा मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत सम्पूर्ण रायसेन जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्री भार्गव द्वारा जारी आदेश के तहत उप निर्वाचन अवधि के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग बिना अनुज्ञा के प्रतिबंधित है। उप निर्वाचन प्रचार के समय ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग करने के लिये विधिवत अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी/कार्यपालिक दण्डाधिकारी से लेना होगा। सर्वोच्च न्यायालय निर्णित रिट पिटिशन सिविल क्रमांक 72/98 में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में 18 जुलाई 2005 को पारित आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग हेतु ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि के लिये ही अनुमति प्रदान की जाएगी। अनुमति जारीकर्ता अधिकारी, शासन द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों के अधीन स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अनुमति देने या आवेदन स्वीकृत/निरस्त करने के लिये सक्षम होगें तथा भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा कोविड-19 संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश रायसेन जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक की अवधि के लिए प्रभावशील है।

## सांची विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए 25 तक कर सकते हैं ऑनलाईन आवेदन

**रायसेन।** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब प्रवेश लेने में इच्छुक छात्र-छात्राएं 25 अक्टूबर 2020 तक अपने आवेदन कर सकते हैं। सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा जारी इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्रों को मेरिट के आधार पर एमए, एमफिल, एमएससी, एमएफए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार देना होगा।

## सी-विजिल एप्प से आम नागरिक भी कर सकते हैं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें

**रायसेन।** विधानसभा उप निर्वाचन 2020 में जागरूक नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायत मोबाइल एंड्रायड एप के माध्यम से कर सकते हैं। इस एप के तहत जागरूक नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की सीधी रिपोर्ट मोबाइल के माध्यम से भेज सकता है। जिसके आधार पर कार्यवाही हेतु बनाई गई उड़नदस्ता टीमों के द्वारा उसका समय सीमा में रिपोर्टिंग किया जाकर संबंधित क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी द्वारा साक्ष्य आधारित समय सीमा में शिकायत पर निर्णय लेने में यह एकीकृत आईटी एप्लीकेशन का उपयोग किया जा रहा है। इसमें शिकायत रजिस्टर्ड होने पर एक शिकायत की यूनिक आईडी नागरिक या शिकायतकर्ता के लिए जनरेट होती है, जिसके माध्यम से वह अपनी शिकायत की स्थिति का भी पता कर सकेगा। इस एप के माध्यम से सिर्फ आदर्श आचरण संहिता से संबंधित शिकायत ही दर्ज की जा सकेंगी। जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा वीडियो, फोटो के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जाएगी। सुविधा, सुगम एवं समाधान एप के तहत विभिन्न प्रकार के आवेदन जो अभ्यर्थी या राजनैतिक दल द्वारा दिए जाएंगे उनका निराकरण समय सीमा में किया जाएगा।

### नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले

# जेल में होंगे या प्रदेश से बाहर होंगे: सीएम योगी

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है। इनमें शामिल टूंडला विधानसभा को भारतीय जनता पार्टी अपने कब्जे में रखना चाहती है। इसके जी-तोड़ कोशिश जारी है। पार्टी के स्टार प्रचारकों के बाद अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद यहां आकर जीत का फॉर्मूला दे रहे हैं। कोरोना वायरस संक्रमण काल के बीच हो रही इन जनसभा में पुलिस-प्रशासन ने पूरा एहतियात भी बरता है। मंच पर दो फीट की दूरी पर कुर्सियां सजाई गई हैं। टूंडला के बीरी सिंह कॉलेज पर हो रही जनसभा में गुरुवार दोपहर तीन बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे। यहां मंच पर आते ही उन्होंने जनता का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में मौजूद लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान हमारे किसान अर्थ व्यवस्था को सम्बल देते रहे। यहां का किसान आलू के दामों को लेकर खुश तो हो ही रहा है। आलू आधारित उद्योग के लिए प्रयास तेजी से किये जा रहे है। लोकसभा चुनाव में जनता ने फीरोज़ाबाद को परम्परागत गुंडागर्दी से निजात पाने का काम किया है। समाजवादी पार्टी के नेता राग अलाप रहे हैं। नौ माह से गैंगरेप में बंद आरोपित के पिता को टिकट देकर चुनाव में उतारा है। पहले भर्तियों में एक परिवार झोला लेकर निकलता था। तीन साल में हमने 3 लाख नौजवानों को नौकरी दी। प्रदेश में नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले जेल में होंगे या प्रदेश से बाहर होंगे। किसानों की उपज का डेढ़ गुना दाम देने का काम किया यहीं विपक्षियों को रास नहीं आ रहा है। उत्तर प्रदेश 24 करोड़ की आबादी का सबसे बड़ा प्रदेश है। यहां कोरोना संक्रमण और मौतें सबसे कम हुई हैं। पीएम मोदी के सहयोग से सारी व्यवस्थाएं की गईं। 2017 में टूंडला से एसपी सिंह बघेल को भेजा, उन्होंने बेहतर काम किया है। टूंडला में पाइप लाइन से पानी देने के लिए तेजी से काम हो रहा है। भाजपा का कार्यकर्ता एक नारा लगाता था एक देश दो विधान नहीं चलेंगे।





कश्मीर से धारा 370 हटाकर आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकी। सपा कांग्रेस को ये रास नहीं आ रहा है। हमारे बारे में कहा जाता था कि राम मंदिर बनाएंगे मगर तारीख नहीं बताएंगे। राम मंदिर का शिलान्यास हो गया। कोरोना नहीं होता तो आप सबको भी अयोध्या के दर्शन कराते। पार्टी का सामान्य जमीन का कार्यकर्ता टिकट पा सकता है, प्रेमपाल धनगर इसका सबूत हैं। भाजपा में परिवारवाद नहीं है। 24 करोड़ जनता, मेरा परिवार है। इसके लिए हम काम करते हैं। हमारे यहां दावेदारी होती है। यहां सीट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक सलोनी बघेल और शिवसिंह चक समेत कई थे। सबने कहा जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को उतारिये इसलिए प्रेमपाल धनगर को उतारा गया है। अंत में सीएम योगी ने कहा वाणी को देता हूँ विराम, जय जय श्रीराम। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह बोले योगी सरकार ने प्रदेश में भय मुक्त वातावरण बनाया है। सपा बसपा सरकार में सड़कों पर गुंडे घूमते थे। इस जिले में सपा का गुंडाराज था। इस सरकार में गुंडाराज पर कार्रवाई होती है। आजम खान जेल के अंदर है और सपा के स्टार प्रचारकों की सूची में हैं। गरीबों का सम्मान योगी और मोदी सरकार ने बढ़ाया है। लाभार्थियों के खाते में सीधे पैसा पहुंचाया जा रहा है। मोदीजी इस माहमारी के दौर में दीवाली तक मुफ्त में खाद्यान्न पहुंचाया है। लॉक डाउन में बिना राशन कार्ड के खाद्यान्न पहुंचाया है। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि ये पार्टी का निर्णय था कि मुझे आगरा के सांसद बनना पड़ा। एत्मादपुर और टूंडला मेरी दो आंखें हैं। मुझे सात बार जनता ने जिताया और अखिलेश यादव और सपा को हराया।

## हास्यास्पद कार्रवाई

यह घटना जितनी दर्दनाक है, उसके बाद के घटनाक्रम उतने ही हास्यास्पद हैं। असम के लमडिंग रिजर्व फॉरेस्ट में 27 सितंबर को मालगाड़ी की टक्कर से 35 साल की एक हथिनी और उसके नन्हे बच्चे की मौत हो गई। जाहिर है, संबंधित वन अधिकारियों द्वारा वन्य-जीव (संरक्षण) कानून 1972 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया और एक विभागीय जांच टीम गठित की गई। उधर रेल विभाग ने अपनी प्राथमिक जांच के बाद मालगाड़ी के पायलट और सहायक को निलंबित कर दिया। लेकिन 20 अक्तूबर को वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने आंतरिक जांच-निष्कर्षों के आधार उस डीजल इंजन को जब्त कर लिया, जिससे कटकर हथिनी और उसके बच्चे की मौत हुई थी। शायद पहली बार एक रेल इंजन को किसी इंसान की आपराधिक लापरवाही का दंड भुगतना पड़ा है। यह पूरा घटनाक्रम हमारी कानूनी प्रक्रिया पर एक गंभीर व्यंग्य है। यह कोई पहली घटना नहीं है, और हम दावा भी नहीं कर सकते कि आखिरी होगी। यथार्थवादी नजरिए के कारण ही नहीं, ऐसा इसलिए भी कि जिस यांत्रिक तरीके से हमारे अधिकारी कानून लागू करते हैं और कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी कर अपने दायित्व से मुक्त हो लेते हैं, उससे हालात में बेहतरी की गुंजाइश नहीं बनती। क्या यह बताने की जरूरत होनी चाहिए कि इंसानों के खिलाफ हुए अपराधों की जांच व सुनवाई में ही वे बेहद संवेदनहीन रवैया अपनाते हैं? ऐसे कितने ही उदाहरण गिनाए जा सकते हैं, जब अपराध या जुर्म जैसे शब्द से नावाकिफ मासूम बच्चों को मुकदमों में नामजद कर दिया गया। फिर ऐसे तंत्र और समाज से हाथियों या अन्य संरक्षित जीवों के प्रति संवेदनशील नजरिया अपनाने की अपेक्षा भी कैसे कोई करे? सरकार ने खुद इसी साल राज्यसभा में बताया था कि साल 2014 से 2019 के बीच देश में 510 हाथी मारे गए, बिजली करंट से, ट्रेनों से कटकर या फिर शिकारियों, ग्रामीणों द्वारा विष देकर। राजकीय अभयारण्यों या संरक्षित वन क्षेत्रों से गुजरने वाले रेल-मार्गों के बारे में पहले से ही कायदे-कानून हैं कि उनकी सीमा में गाड़ियों की रफ्तार कितनी होनी चाहिए। बावजूद इसके ऐसी घटनाएं हर कुछ अंतराल पर मीडिया में सुर्खियां बटोरती रहती हैं। लमडिंग रिजर्व फॉरेस्ट के अधिकारियों का दावा है कि रेलवे से यह लिखित अनुरोध काफी पहले किया जा चुका है कि इस वन क्षेत्र में गाड़ियों की गति 30 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। इंजन जब्त करने की उनकी कार्रवाई से संकेत मिलता है कि तय गति-सीमा का उल्लंघन हुआ था। लेकिन इंजन जब्त करके वन विभाग क्या संदेश देना चाहता है? वह कोई निजी वाहन है, जिसे कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक किसी थाने में सड़ने के लिए फेंक दिया जाए? हमारे देश में हर वर्ष कई रेल दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें काफी सारे नागरिकों की जान चली जाती है। उन तमाम रेल इंजनों का क्या किया जाए? बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था, अगर लागू करने वाले लोग ही अच्छे न हों, तो एक अच्छा संविधान भी बुरा साबित होता है। दुर्भाग्य से, हमारे देश में कानून लागू करने वाले लोग अक्सर अक्षरों के पीछे की असली मंशा नहीं समझ पाते, इसीलिए हमारा तंत्र संवेदनशील नहीं बन पाता। हाथी कटते रहते हैं, मुकदमे चलते रहते हैं।

# हिंद-प्रशांत में चीन से मिलती चुनौती का जवाब

**दरअसल अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत का एक रणनीतिक समूह है। चीन की मंशा पर संदेह जताते हुए इस समूह को 2017 में पुनर्जीवित किया गया था। चूंकि ये देश इस क्षेत्र में एक नए व अत्यधिक स्थिर संतुलन की तलाश में हैं, इसलिए सभी एक-दूसरे के साथ इस तरह काम कर रहे हैं, जिसकी कल्पना कुछ साल पहले भी नहीं की जा सकती थी। यदि इनमें जब कभी घनिष्ठ सहयोग की नौबत आएगी, तो इनके बीच कायम कई तरह के द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय रिश्ते वाकई उसे मजबूती से साकार करेंगे। सभी देशों में यह सहमति भी बनती जा रही है कि क्षेत्रीय शांति व स्थिरता के लिए एक स्वतंत्र हिंद-प्रशांत एकमात्र व्यावहारिक आधार है। अमेरिका के लिए इंडो-पैसिफिक चीन के साथ उसकी भू-राजनीतिक तनानती का किस तरह से केंद्र-बिंदु बन गया है, इसका पता इड्सी से चलता है कि माइक पोम्पिओ की यात्रा राष्ट्रपति चुनाव के बीच हुई। इसीलिए, वाशिंगटन इसकी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए हरसंभव उपाय करेगा। वहीं, जापान का जोर बुनियादी ढांचे और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों को आगे बढ़ाने पर है, तो ऑस्ट्रेलिया मानवाधिकार की वकालत कर रहा है। भारत क्षेत्रीय संप्रभुता का सम्मान करने की जरूरत पर बल देता रहा है। भारत-जापान, ऑस्ट्रेलिया-जापान और भारत-ऑस्ट्रेलिया के आपसी रिश्ते गति पकड़ रहे हैं और विभिन्न मुद्दों पर आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि, अभी 'क्वाड प्लस' के बारे में सोचना बहुत जल्दबाजी मानी जाएगी, लेकिन प्रमुख शक्तियां व्यक्तिगत स्तर पर और दूसरों के साथ मिलकर भी समान सोच वाले देशों के साथ रिश्ते बढ़ाने को लेकर गंभीर हैं।**

हिंद-प्रशांत यानी इंडो-पैसिफिक के लिए चुनौती दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। उस पर हमला चीन की तरफ से हो रहा है, जो चाहता है कि 'इंडो-पैसिफिक' शब्द अपना अर्थ खो दे, लेकिन इसमें वह सफल होता नहीं दिख रहा। ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत से लेकर यूरोपीय संघ व आसियान के सदस्य देशों तक इंडो-पैसिफिक को पर्याप्त महत्व देने लगे हैं, और अब यह उनकी विदेश नीति का हिस्सा बन चुका है। नतीजतन, बीजिंग के पास सिर्फ यही उपाय बचा है कि वह इसके खिलाफ डर का माहौल बनाकर क्षेत्रीय देशों को अपने पाले में करे। चीन के शीर्ष राजनयिक वांग यी ने कंबोडिया, मलेशिया, लाओस, थाइलैंड और सिंगापुर की अपनी हालिया यात्रा में कुछ ऐसा ही करने की कोशिश की। वांग यी ने अमेरिकी योजनाओं को लेकर न सिर्फ तमाम देशों को सावधान रहने के लिए कहा, बल्कि वाशिंगटन की 'इंडो-पैसिफिक' रणनीति को पूर्वी एशिया की सुरक्षा के लिए 'खतरा' भी बताया। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए उनका संदेश स्पष्ट था कि बीजिंग और आसियान को मिलकर दक्षिण चीन सागर में 'बाहरी दखल' को दूर रखने के लिए काम करना चाहिए।

चीन-अमेरिकी संबंधों के बिगड़ने और इस क्षेत्र में एक विश्वसनीय साझीदार के रूप में उभरने की वाशिंगटन की योजना के मद्देनजर वांग यी अपने तईं उन तमाम विकल्पों की चर्चा कर रहे थे, जिन पर इस क्षेत्र को गौर करना चाहिए, जबकि उनके आने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ टोक्यो की यात्रा कर चुके थे और भू-राजनीतिक तनाव को हवा भी दे चुके थे। वह 'क्वाड' की बैठक में भाग लेने यहां आए थे। क्वाड, दरअसल अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत का एक रणनीतिक समूह है। चीन की मंशा पर संदेह जताते हुए इस समूह को 2017 में पुनर्जीवित किया गया था।



चूंकि ये देश इस क्षेत्र में एक नए व अत्यधिक स्थिर संतुलन की तलाश में हैं, इसलिए सभी एक-दूसरे के साथ इस तरह काम कर रहे हैं, जिसकी कल्पना कुछ साल पहले भी नहीं की जा सकती थी। यदि इनमें जब कभी घनिष्ठ सहयोग की नौबत आएगी, तो इनके बीच कायम कई तरह के द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय रिश्ते वाकई उसे मजबूती से साकार करेंगे। सभी देशों में यह सहमति भी बनती जा रही है कि क्षेत्रीय शांति व स्थिरता के लिए एक स्वतंत्र हिंद-प्रशांत एकमात्र व्यावहारिक आधार है। अमेरिका के लिए इंडो-पैसिफिक चीन के साथ उसकी भू-राजनीतिक तनानती का किस तरह से केंद्र-बिंदु बन गया है, इसका पता इसी से चलता है कि माइक पोम्पिओ की यात्रा राष्ट्रपति चुनाव के बीच हुई। इसीलिए, वाशिंगटन इसकी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए हरसंभव उपाय करेगा। वहीं, जापान का जोर बुनियादी ढांचे और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों को आगे बढ़ाने पर है, तो ऑस्ट्रेलिया मानवाधिकार की वकालत कर रहा है। भारत क्षेत्रीय संप्रभुता का सम्मान करने की जरूरत पर बल देता रहा है। भारत-जापान, ऑस्ट्रेलिया-जापान और भारत-ऑस्ट्रेलिया के आपसी रिश्ते गति पकड़ रहे हैं और विभिन्न मुद्दों पर आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि, अभी 'क्वाड प्लस' के बारे में सोचना बहुत जल्दबाजी मानी जाएगी, लेकिन प्रमुख शक्तियां व्यक्तिगत स्तर पर और दूसरों के साथ मिलकर भी समान सोच वाले देशों के साथ रिश्ते बढ़ाने को लेकर गंभीर हैं। जापान जहां इसी हफ्ते अपने प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान वियतनाम से रक्षा उपकरण व प्रौद्योगिकी निर्यात को लेकर समझौता करेगा, तो वहीं वह इंडोनेशिया से अपने सुरक्षा संबंधों को मजबूत बनाने के लिए गंभीर है। वैसे, भारत के बिना इंडो-पैसिफिक की अवधारणा शायद ही मूर्त रूप ले पाती। बेशक जापान ने इस विचार पर बल दिया हो, ऑस्ट्रेलिया ने इसे बौद्धिक खुराक दी हो और वाशिंगटन ने इसे रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाया हो, पर यह नई दिल्ली ही थी, जिसने अपनी सक्रिय विदेश नीति से इस संकल्पना को स्वीकार करने और अपनी सुरक्षा में इसे शामिल करने को मजबूर किया। भारत ने ही क्षेत्रीय देशों को भरोसा दिया कि यह चीन के नेतृत्व वाली एशियाई व्यवस्था की काट है। लिहाजा, चीन के नकारात्मक प्रयासों को देखते हुए भारत को 'इंडो-पैसिफिक' संकल्पना की मजबूती की अपनी कोशिशों को और गति देनी होगी।

## मैया कृपा करें



जय दुर्गा भय हरणी मां
तेरे अनंत है स्वरूप
कष्ट हरो मां जगजननी
रहे तेरी कृपा की धूप ।।
जय अंबे जय जगदंबे।।
कालरात्रि बनके मैया मेरी
करती जब तुम हो नाद
तेरी क्रोध की अग्नि में
मां हो जाए सब ख़ाक ।
।। जय अंबे जय जगदंबे।।
ब्रह्मचारिणी तपस्विनी मां
साधना करते हम तेरी
शिव की प्रिया हो तुम शिवे
शक्ति का रूप तुम्हीं ।।
।। जय अंबे जय जगदंबे।।
तेरी महिमा अपार है
जिसका आदि ना अंत
करती हो सब पर कृपा
जब होती हो मां प्रसन्न ।।
।। जय अंबे जय जगदंबे।।
त्रिकूट पर्वत मैया बैठी
ले वैष्णो देवी का रूप
आएंगे जब श्री राम प्रभु
फिर होगी कृपा अनूप।।
।। जय अंबे जय जगदंबे।।
मां सरस्वती मां शारदा
सब पर दया करे
मां महालक्ष्मी के रूप में
मां सभी भंडार भरें ।।
।। जय अंबे जय जगदंबे।।
ज्वाला मैया ज्योति तेरी
सबके मन में जगे
अहंकार और क्रोध मां
लोभ हमसे दूर रहे।।
।। जय अंबे जय जगदंबे।।
शैरो वाली मैया मेरी
भक्तों की रक्षा करें
करते तुम से हम प्रार्थना
हम पर मैया कृपा करे।।
।। जय अंबे जय जगदंबे।।

**प्रतिभा दुबे अभिलाषी**
**ग्वालियर (मध्य प्रदेश)**

## दिखावा



मुझे दिखावा पसंद नहीं,
गर है मुहब्बत,
तो मुहब्बत दिखाओ ना,
किस बात का डर है तुम्हे,
कि हम गैर हो जायेंगे?
गर है तुम्हारे अपने तो,
खुल कर हमे अपनाओ ना,
मुझे दिखावा पसंद नहीं,
गर है मुहब्बत ,
तो मुहब्बत दिखाओ ना।
एक पल में अपनाना,
दूसरे पल बिसराना,
दर्द देना फिर हकीम बन जाना,
मुझे बार बार यूं अहसान जताओ ना,
मुझे दिखावा पसंद नहीं गर है मुहब्बत ,
तो मुहब्बत दिखाओ ना।
माना की खिलाड़ी हो,
बेहतरीन हो बेनज़ीर हो,
पर घाव की यूं बिसात बिछाओ ना,
ना रख सको नज़र में तो कोई बात नहीं,
पर मोहरा तुम मुझको यूँ बनाओ ना,
मुझे दिखावा पसंद नहीं ,
गर है मुहब्बत तो,
मुहब्बत दिखाओ ना।

**करुणा कलिका, वरिष्ठ कवयित्री व गजलगो**
**बोकारो स्टील सिटी-झारखंड**

## कहीं ना कहीं कुछ

खिड़की आत्मा की खोलते ही दिखेगी हरसू हर नज़ारे में जीवंत सी परछाईयां, महसूस करो तो हर चीज़ों के भीतर कोई गहन अर्थ छिपा होता है।
बादलों के झुरमुट में कुछ बूँदें छुपी होती है तड़ीत के प्रहार मे रोशनी छुपी होती है।
जैसे दिल के गुल्लक में एहसासों की ज़मीं छुपी होती है।
या मन की संदूक में भावों की बारिश छुपी होती है।
कभी-कभी मुस्कान के भीतर आहों की ख़लिश छिपी होती है, तो कभी अश्कों में खुशियाँ अनमोल छिपी होती है।
महसूस करो कभी अपनों के मौन में छिपे चित्कार को या अनकही बातों में छिपे असबाब को।
कहीं आबशार की गति में धुंधुआता वेग छिपा होता है और पर्वतों के भीतर आबशारों की नमी छिपी होती है।
उपनिषद में गीता का सार छिपा होता है, तो मेघदूत में कालिदास की कल्पनाओं का निनाद छिपा होता है।
होता है ना हर इंसान के भीतर एक बालक छिपा हुआ, और साँसों की लय के भीतर छिपी मौत की रागिनी होती है।
धरा के भीतर धधकता ज्वालामुखी छिपा होता



है और चाँद के भीतर पृथ्वी की छाया छिपी होती है।
गंगा की लहरों में श्रद्धा की पावकता छिपी होती है और जमुना में ताज की परछाई छिपी होती है।
छुपी होती है हर शै में कहीं ना कहीं रानाइयां ज़िंदगी की
बहुत सी चीज़ें छुपी होती है हर चीज़ के भीतर कहीं ना कहीं।
मन की आँखों से नकारात्मकता का झीना पर्दा हटाकर देखो दुन्यवी गतिविधियों में सुंदरता का परिमाण छिपा होता है।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु) ग्रभावु**

## रावण के दश मुख नहीं थे

रामायण का कथानक बहुत प्रसिद्ध है लेकिन यह कथानक और इसके पात्रों के नाम अलग अलग धर्मों ही नहीं लेखकों के अनुसार भी कुछ परिवर्तित हैं। जैन परम्परा में भी रामायण कई आचार्यों द्वारा लिखी गई है। राम यशोरसायन, जैन रामायण, पहुम चरिउ और पद्मपुराण आदि। इनमें पद्मपुराण अधिक प्रसिद्ध है। पद्म नाम रामचन्द्र जी का है इसलिए उनके पौराणिक कथानक को पद्मपुराण नाम दिया गया है। जैन साहित्य में त्रेषठ शलाका महापुरुषों के जीवन चरित्रों का वर्णन होता है। 24 तीर्थंकर, 12 चक्रवर्ती, 9 बलभद्र, 9 नारायण एवं 9 प्रतिनारायण ये सब मिलकर 63 हुए। जो त्रिषष्ठि शलाकापुरुष कहलाते हैं। पद्मपुराण के अनुसार राम आठवें बलभद्र थें, लक्ष्मण आठवें नारायण और रावण आठवें प्रतिनारायण थे। प्रतिनारायण अत्यन्त बलशाली व बुद्धिमान विवेकी सम्राट होता है, वह अपने बल से तीन पृथ्वी को जीतकर अर्द्धचक्रवर्ती सम्राट बनता है और बहुत लम्बे समय तक सुखों का भोग करता हुआ निराबाध राज्य करता है। उसके 18 हजार रानियां होती हैं और 16 हजार मुकुटबद्ध राजा उसकी सेवा में तत्पर रहते हैं। ऐसे प्रतिनारायण को अपने बड़े भाई बलभद्र के सहयोग से जीतकर नरायण अर्द्धचक्रवर्ती सम्राट बनता है। नारायण की भी प्रतिनारायण से अधिक विभूति होती है। यह सब डॉ. शुद्धात्मप्रभा ने अपनी पुस्तक राम कहानी में विसतार से लिखा है। जैन मान्यतानुसार रावण राक्षस वंशी था, उसके दश सिर नहीं थे, एक ही था। किन्तु उसका नाम दशानन था। इसका भी अलग प्रसंग है। रत्नश्रवा के यहां बालक के जन्म के समय कई विचित्र घटनायें हुईं। बहुत पहले मेघवाहन के लिए राक्षसों के इन्द्र भीम ने जो हार दिया था, हजार नागकुमार जिसकी रक्षा करते थे, जो बहुत कांतिमान था और राक्षसों के भय से इसे किसी ने नहीं पहना था। ऐसे हार को उस बालक ने अनायास ही हाथ से खींच लिया। बालक को मुट्ठी में हार लिये देख माता घबड़ा गई, उसने बालक के पिता को बुलाया, पिता ने यह दृश्य देखकर कहा यह अवश्य ही कोई महापुरुष होगा। माता ने निर्भय होकर वह हार उस बालक को पहना दिया। उस हार में जो बड़े बड़े स्वच्छ रत्न लगे हुए थे उनमें असली मुख के सिवाय नौ मुख और भी प्रतिबिम्बित हो रहे थे इसलिए उस बालक का नाम दशानन रखा गया। जैन मान्यता के पद्मपुराण के अनुसार दशानन का रावण नाम कैलाश पर्वत उठाते समय की घटना के कारण पड़ा था। मान्यतानुसार दिग्विजय के समय रावण बालि से युद्ध के लिए तत्पर हो गया था, इस घटना से बाली ने दिगम्बरी दीक्षा ले ली। एक बार रावण नित्यलोक की रत्नावली कन्या से विवाह करके सपरिवार आकाशमार्ग से लोट रहा था। मार्ग में कैलाश पर्वत के ऊपर उसका विमान रुक गया। अपने मंत्री से कैलाश पर्वत पर बाली मुनि तपस्या कर रहे हैं यह सूचना पाकर क्रोधित हो दशानन ने अपने विद्याबल से बाली सहित कैलाश पर्वत उखाड़कर समुद्र में फेकना चाहा। पर्वत उठाया ही था कि बाली मुनि ने सोचा ऐसे तो इस पर बने अनेक जिनालय नष्ट हो जायेंगे और वन्दना करने वाले मनुष्य व अनेक प्राणी मर जायेंगे। उन्होंने अपने पैर के अंगूठे से पर्वत के मस्तक को दवा दिया, इससे दशानन अत्यंत व्याकुल होकर चिल्लाने लगा। क्योंकि उसका शरीर कैलाश पर्वत से दबने लगा था। करुण चीत्कार की रव के कारण तब से वह दशानन रावण के नाम से जाना जाने लगा। रावण की पत्नी मन्दोदरी की अनुनय पर बाली मुनि ने अपना अंगूठा शिथिल किया।



महामंत्री : डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज'

## नवदुर्गा

हे दुखहरणी, सुखकरणी मॉ?
है कोटि-कोटि तुमको प्रणाम
हे जगतरणी, हे जगजननी
मॉ? अद्भुत तेरा यशोगान
इस सृष्टि रूप उपवन में जो
दुर्जन कांटे बन उगते हैं
अत्यंत भयंकर कर्मों से
मॉ? की गोदी में चुभते हैं
वो दुष्ट सदा निज कर्मों से
जग को भयभीत किया करते
अपनी कलुषित दुर्बुद्धि से
सुख-शांति सभी की हैं हरते
उन दुष्टों से भयभीत जगत
मॉ? का आवाहन करता है
भीतर की छुपी हुई ऊर्जा
को फिर से पावन करता है
तब प्रलयमयी बनकर के मॉ?
भक्तों की रक्षा करती हैं
दुष्टों का प्राण हरण करके
वो सबके भय को हरती हैं
बन नवदुर्गा, नौ रूपों में
नौ दिन को जग में आती हैं
हो रही सुषुप्त चेतना वो
सदुण की स्वयं जगाती हैं
भक्तों के हित अवतार स्वयं
लेती हैं जग में महाप्रकृति
निर्गुण शक्ति बन सगुण रूप
हरती हैं जग की महा विकृति
वो अंशरूप जो सबमें हैं
इक महाशक्ति बन जाती हैं
वो मूलप्रकृति, श्री विद्या ही
दुर्गा, काली बन आती हैं।।

**रंजना मिश्रा**
**कानपुर, उत्तर प्रदेश**



## प्रेम हृदय से



प्रेम हृदय है अविरल धार,
जब-जब मिलत मन का उद्धार,
नहीं कोई है तन के पास
एक आहट है बस चुपचाप
धीरे-धीरे चुपके-चुपके
रात रंजनी आई पास,
लहर उठी हृदय में अपार
महक उठा तन का उद्गार ।
प्रेम हृदय प्रेम की आस
एक भाव मन का विश्वास,
सब कुछ देह त्याग मन काम ।
डूब समुंदर तैरकर पार
मुक्त हुआ मन का उद्गार
हे चिराग मन कर उद्धार
प्रेम हृदय प्रेमी के पास
कर मानव मानव उद्धार ।

**कवि कुमार प्रिंस रस्तोगी**
**लखनऊ उत्तर प्रदेश**

# अमेरिका में अब तक का सबसे विभाजनकारी चुनाव

**डोलाल्ड ट्रंप और जो बिडेन, दोनों ने एक-दूसरे के शरीरिक-मानसिक स्वास्थ्य और नैतिकता पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप के चुनाव अभियान में कथित रूप से एक झूठे वीडियो का उपयोग भी हो रहा है, जिसमें बिडेन को व्हील चेयर पर बढ़ी उम्र के साथ दिखाया जा रहा है। दूसरी ओर, बिडेन के समर्थक कोविड-19 से निपटने में ट्रंप की अयोग्यता को दर्शाने में जुटे हैं, जिसकी वजह से 2,20,000 से ज्यादा अमेरिकियों की जान गई है, इतने अमेरिकी तो वियतनाम, इराक, अफगानिस्तान, लीबिया व सीरिया में भी नहीं मरे। ट्रंप के आयकर रिटर्न, उनकी सेहत के बारे में अपारदर्शिता को भी विपक्ष निशाना बना रहा है।**

अधिकांश अमेरिकी नागरिक अपने देश के असाधारणवाद पर गर्व करते हैं। उनका मानना है, अमेरिका में बहुत कुछ ऐसा है, जो विरल और अतुलनीय है। सबसे पुराना लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, कानून का शासन, मानवाधिकार, विभिन्न जाति, धर्म, जातीयता, भाषा व दुनिया के विभिन्न हिस्सों की अलग-अलग सांस्कृतिक परंपराओं से आए लोगों को स्वीकार लेना दुर्लभ है। हालांकि, राष्ट्रपति पद के दो उम्मीदवारों की सियासी बयानबाजी के बिगड़े बोल, निजी आक्षेप और एक-दूसरे के खिलाफ लगाए गए आरोप-प्रत्यारोप सवालिया निशान लगा रहे हैं। लोगों को डराने, विभाजित करने केलिए जाति, धर्म, जातीयता और राजनीतिक विचारधारा के इस्तेमाल से स्व-घोषित अमेरिकी असाधारणवाद पर सवाल खड़े होने लगे हैं। डोलाल्ड ट्रंप और जो बिडेन, दोनों ने एक-दूसरे के शरीरिक-मानसिक स्वास्थ्य और नैतिकता पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप के चुनाव अभियान में कथित रूप से एक झूठे वीडियो का उपयोग भी हो रहा है, जिसमें बिडेन को व्हील चेयर पर बढ़ी उम्र के साथ दिखाया जा रहा है। दूसरी ओर, बिडेन के समर्थक कोविड-19 से निपटने में ट्रंप की अयोग्यता को दर्शाने में जुटे हैं, जिसकी वजह से 2,20,000 से ज्यादा अमेरिकियों की जान गई है, इतने अमेरिकी तो वियतनाम, इराक, अफगानिस्तान, लीबिया व सीरिया में भी नहीं मरे। ट्रंप के आयकर रिटर्न, उनकी सेहत के बारे में अपारदर्शिता को भी विपक्ष निशाना बना रहा है। अपने खिलाफ किसी भी रिपोर्ट, टिप्पणी को ट्रंप नकली समाचार बताकर खारिज कर दे रहे हैं। उनकी कुछ टिप्पणियों को अभद्र भाषा के संदेह में फेसबुक, ट्विटर ने बाधित किया है। कुछ लोग इसे सियासी शालीनता के लिए पहचाने जाने वाले देश में बीमार बहस के रूप में देख रहे हैं। राष्ट्रपति पद के पूर्व उम्मीदवार मिट रोमनी कहते हैं, कई अमेरिकी अपने देश के लिए भयभीत हैं, इसलिए विभाजित हैं, नाराज हैं, हिंसक हैं।

दिलचस्प रूप से यह अमेरिकी चुनाव भारतीय चुनावों की तरह ज्यादा लग रहा है। भारत में चुनाव अभियान विकास के एजेंडे पर जोर देते हुए शुरू होता है, लेकिन जैसे-जैसे मतदान पास आता है, ऐसा हर कार्ड, हर तरीका, हर मुद्दा इस्तेमाल किया जाता है, जो मतदाताओं को आकर्षित कर सके। भारत में साल 2019 के संसदीय चुनावों से पहले बहुत से उम्मीदवारों ने खुले तौर पर कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी जीती, तो इस्लामाबाद में लड्डू बंटेंगे। यह बताने की कोशिश हुई थी कि कांग्रेस देशभक्त पार्टी नहीं है। इसी तरह, ट्रंप अपनी रैलियों में कह रहे हैं कि उनके खिलाफ किया गया वोट चीन के पक्ष में जाएगा। ऐसा कहते हुए उनकी कोशिश है कि वह चीन के विरुद्ध भड़की भावनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही, वह यह भी कह रहे हैं कि बिडेन चीन के विरुद्ध अमेरिकी हितों को पूरा नहीं कर पाएंगे। साल 2019 चुनाव से पहले भारत में कुछ संसदीय क्षेत्रों में हमने यह अफवाह सुनी थी, जिन्हें कुछ संगठनों ने बढ़ावा दिया था। लोगों को डराया गया कि अर्बन नक्सल घरों में घुस जाएंगे और समाज की शांति भंग कर देंगे। क्या ट्रंप भी ऐसी ही बातें नहीं कर रहे? लोगों को वह कह रहे हैं, अगर बिडेन को वोट किया, तो वामपंथी उनके घरों पर हमला कर देंगे, कानून-व्यवस्था पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उनके अनेक भाषण विभेदकारी और भड़काऊ रहे हैं, जो पुलिस ज्यादती के शिकार लोगों के पक्ष से ज्यादा पुलिस के पक्ष में लगते हैं। कई अप्रिय मुद्दे चुनाव में उठ रहे हैं। फेक न्यूज, फेक फोटो, अपुष्ट दावों-आरोपों का इस्तेमाल खूब हो रहा है। फिर भी बचे हुए दिनों में ट्रंप अगर बिडेन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में कुछ साक्ष्य नहीं जोड़ पाते, तो जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, वह अपने तमाम दावों के बावजूद मौका गंवा देंगे। कुछ रिपब्लिकन सीनेटरों को तो लगता है, वह न सिर्फ हारेंगे, बल्कि सीनेट को भी साथ ले जाएंगे।



# फिल्म भूतनाथ का बंकु अब बड़ा हो गया है

बॉलीवुड में कई ऐसे बाल कलाकार आए जिन्होंने अपनी मासूमियत से और अपनी शानदार ऐक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। कई बार तो कुछ ऐसे चाइल्ड आर्टिस्टों भी आए जिन्होनें मुख्य कलाकारों से ज्यादा वाहवाही बटोरी है । उन्हीं में से एक बाल कलाकार है अमन सद्दीकी जिन्होंने अपने शानदार ऐक्टिंग से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अमन सद्दीकी ने 2008 में बनी फिल्म भूतनाथ में अमिताभ बच्चन के साथ काम किया था। जिसमें अमिताभ ने एक भूत का किरदार निभाया था। इस फिल्म कि कहानी है कि, बंकू (अमन सिद्दकी) के परिवार में पापा (शाहरुख खान) और मम्मी (जूही चावला) हैं। गोवा में उन्हें कंपनी की तरफ से कैलाशनाथ की हवेली रहने को मिलती है। इस हवेली के बारे में कहा जाता है कि इसमें भूत रहता है। और वो भूत कोई और नहीं बल्कि अमिताभ बच्चन ही होते हैं। कैलाशनाथ की हवेली अमिताभ बच्चन कि ही होती है, जिन्हें उनके घर में किसी का भी रहना पसंद नहीं है। इसलिए वो अपनी हवेली खाली करवाने के लिए बंकू को डराने की कोशिश करते है, लेकिन बंकू पर इसका कोई असर नहीं होता।

बंकू उसे भूतनाथ नाम से पुकारने लगता है । वही बंकू अपनी शरारतों से और निडरता से भूत से दोस्ती कर लेता है और उन्हें मुक्ति दिलाने में भी वो अहम भूमिका निभाता है। इस फिल्म में बंकू के भोलेपन और उसकी शरारतो कि दर्शकों ने खूब सराहा की थी। वही फिल्म में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए बंकू बने अमन सद्दीकी कहीं भी ऐक्टिंग में बिग बी से कम नजर नहीं आए थे। आपको बता दें की फिल्म भूतनाथ अमन सिद्दीकी की पहली और आखिरी बॉलीवुड फिल्म थी। इस फिल्म के बाद अमन ने कोई और दूसरी फिल्म साईन नहीं कि ,क्योंकि उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करनी थी। और अपनी पढाई पूरी करने के लिए अमन ने बॉलीवुड को बाय- बाय कह दिया। हालांकि अमन ने इस फिल्म के बाद कुछ टीवी विज्ञापनों में काम किया पर वो और उनके परिवार वाले चाहते है की अभी वो अपना पूरा ध्यान अपनी पढाई पर ही लगाए। वही आपको ये भी बता दे कि अमन ऐक्टिंग में जितने टैलेंटेड है उतने ही पढाई में भी है। दसवी की परीक्षा में वो 90 प्रतिशत अंक से पास हुए है। वही एक इंटरव्यू के दौरान जब अमन से पूछा गया कि वो वापस टीवी शो और फिल्मों में आना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगातार टीवी शो और फिल्मों के ऑफर मिलते रहते हैं लेकिन अभी मैं अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे रहा हूं, अगर मुझे भविष्य में कोई अच्छा ऑफर मिलेगा तो मैं उसे जरूर करूंगा।

# कंगना रनौत ने शहर के बदतमीज लोगों को दी चेतावनी



कंगना रनौत ने हिमाचल आने वाले लोगों को आगाह किया है कि वे इस खूबसूरत जगह को कूड़ाघर न बनाएं। उन्होंने ये भी बताया कि पहले लोग यहां के बारे में ज्यादा जानते नहीं थे। कंगना रनौत के दिल में जो आता है वो बोल देती हैं, फिर चाहे वो पब्लिक प्लेस हो या सोशल मीडिया। अब उन्होंने हिमाचल आने वाले टूरिस्ट्स पर अपना गुस्सा निकाला है। एक ट्विटर यूजर ने स्पीति वैली की तस्वीर पोस्ट की है। इसे रीट्वीट करते हुए उन्होंने शहर के लोगों को कुछ समझाया है।

## कहा- खूबसूरत घाटी बन जाएगी कूड़ाघर

कंगना ने अपने ट्वीट में लिखा है, हिमाचल प्रदेश आइए लेकिन चारों तरफ प्लास्टिक मत फेंकिए खास तौर पर सिंगल यूज वाली प्लास्टिक जैसे खाली बोतलें और चिप्स के पैकेट। यह खूबसूरत घाटी एक दिन में बड़ा कूड़ाघर बन जाएगी अगर कुछ बिना समझ वाले और बदतमीज शहर के बिगड़े लोग यहां पहुंच गए। प्लीज ऐसा न करें।

## शुरूआत में लोग गांव का समझकर करते थे जज

एक और ट्वीट में कंगना ने लिखा है, हिमाचल फिल्मों की शूटिंग के लिए भी पसंदीदा जगह बन गई है। शुरूआत में मैं जब लोगों को बताती थी कि मैं हिमाचल से हूं तो लोग इस बारे में ज्यादा नहीं जानते थे और किसी दूर-दराज के गांव से आया समझकर मुझे जज करते थे, कॉमर्शली यह एक अच्छा डिवेलपमेंट है, इसे इकोलॉजी में भी फायदेमंद बनाएं।

## भाइयों की शादी की तैयारी में व्यस्त हैं कंगना

जब से लॉकडाउन की घोषणा हुई है, कंगना अपने होम टाउन हिमाचल प्रदेश के मनाली शिफ्ट हो गई हैं। वहां से वह कई खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। फिलहाल वह अपने भाइयों की शादी की तैयारी में व्यस्त हैं।

## भाई की शादी के जश्न का उठा रही हैं लुत्फ



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत अक्सर अपने बेबाकी के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। लेकिन फिलहाल कंगना अपने दो भाइयों की शादी को लेकर खूब चर्चा बटोर रही हैं। दरअसल ,कंगना के घर में उनके भाई अक्षत और करण के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन की शुरूआत हो चुकी है। और इस शादी के माहौल का कंगना जमकर लुत्फ उठा रही हैं। हाल ही में कंगना ने अपने भाई अक्षत के हल्दी सेरेमनी की झलक फैन्स के साथ शेयर की थी। और अब इसी बीच कंगना की बहन रंगोली चंदेल भी भाइयों की शादी के जश्न में जमकर एन्जॉय करती नजर आ रही हैं। दरअसल ,कंगना की बहन रंगोली चंदेल का अपने भाइयों की शादी के फंक्शन का एक डांस वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल हुए वीडियो में रंगोली गाने कजरा मोहब्बतवाला पर जबरदस्त डांस कर रही हैं। रंगोली के साथ वीडियो में उनके परिवार के लोग भी खूब मस्ती कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को खूब पसंद किया जा रहा है। खुद कंगना भी एक वीडियो में ठुमके लगाती दिखाई दी।

बता दें कि कई विवादों में घिरी कंगना फिलहाल विवादों को भूल अपने कजिन ब्रदर की शादी में मौज-मस्ती करती नजर आ रही हैं। कंगना इन दिनों फैमिली फंक्शन एंजॉय कर रही हैं। और आये दिन सोशल मीडिया पर अपने दो-दो भाईयों की शादी के फंक्शन्स की झलक फैन्स के साथ लगातार शेयर कर रही हैं। कंगना ने भाई की हल्दी सेरेमनी की झलक भी शेयर की थी। करण की हल्दी सेरेमनी में कंगना रनौत का स्टाइलिश और ट्रेडिशनल आउटफिट भी देखने लायक था।

गौरतलब हो कि कंगना के परिवार में उनकी बहन रंगोली की शादी के बाद एक दशक से परिवार में कोई शादी नहीं हुई। लेकिन अब कंगना के भाइयों करण और अक्षत ने इस रिकॉर्ड को तोड़ा है और उनके पैतृक घर में शादी हो रही है। कंगना की फैमिली में तीन हफ्तों में दो शादियां होने जा रही हैं।

# हिन्दू सेना की धमकी: लक्ष्मी बॉम्ब का नाम नहीं बदला तो रिलीज नहीं होने देंगे



बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म लक्ष्मी बॉम्ब का ट्रेलर रिलीज किया था। फिल्म के ट्रेलर को बहुत पसंद किया गया।' वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो फिल्म का जमकर विरोध कर रहे हैं। इस फिल्म को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज से पहले ही इसे बायकॉट करने की मांग की जा रही है।

सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर जहां ये आरोप लगाए जा रहे हैं कि इसमें लव जिहाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं मूवी के नाम को लेकर भी विवाद कम नहीं है। हिंदू सेना का कहना है कि फिल्म का नाम हिन्दूओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहा है। उनका कहना है कि हिंदू धर्म में देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ऐसे में फिल्म का नाम बदलने को कहा जा रहा है। हिंदू सेना ने इसके खिलाफ एक शिकायत पत्र सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को भी सौंपा है। इस पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि अगर फिल्म का टाइटल नहीं बदला गया तो इसे बायकॉट किया जाएगा। हिंदू सेना ने फिल्म के मेकर्स के खिलाफ भी उचित कार्रवाई की मांग की है। हिंदू सेना के नैशनल प्रेसिडेंट विष्णु गुप्ता ने इस शिकायती पत्र में लिखा है, अगर हमारी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो मेरे सी हिंदू सैनिक इस फिल्म का विरोध करेंगे। अगर रिलीज होने से पहले फिल्म का नाम नहीं बदला जाता तो मैं सभी हिंदू धर्म से जुड़े लोगों से इस फिल्म के बायकॉट की अपील करूंगा। अक्षय कुमार की ये साल की पहली फिल्म है जो रिलीज हो रही है। इस हॉरर कॉमेडी का डायरेक्शन राघव लॉरेंस ने किया है। ये फिल्म 9 नवंबर को डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## एथनिक लुक में छाए आर्यन

अभिनेता कार्तिक आर्यन वायरल संसेशन बनकर एक बार फिर सोशल मीडिया पर छाए हैं। वजह है चॉकलेटी बॉय कार्तिक का एथनिक लुक । मुंबई में लैक्मे फैशन वीक का शानदार आगाज हुआ। कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए इस बार लैक्मे फैशने वीक को वर्चुअली होस्ट किया गया है। फैशन फीक का आगाज डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की कलेक्शन रूहानियत के साथ हुआ। मनीष मल्होत्रा के लिए कार्तिक आर्यन शो स्टॉपर बने। लंबे बाल और हल्की दाढ़ी के साथ बंद गला शेरवानी में कार्तिक किसी राजकुमार से कम नहीं लग रहे थे। कार्तिक का ये रॉयल लुक देख उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर क्रेजी हो रही हैं। कार्तिक का यह एथनिक लुक बेहद पसंद किया जा रहा है। अपने रिगल लुक की कुछ तस्वीरें कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट की थीं। जिनपर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया था। किसी ने कार्तिक को मोर्डन शायर बताया तो किसी ने कार्तिक को यह तस्वीर संजय लीला भंसाली को भेजने की सलाह दे डाली। आपको बता दें कि, 7 महीने घर में लॉकडाउन रहने के बाद काम पर लौटे हैं।



# दीप्ति नवल को पड़ा दिल का दौरा, मोहाली के अस्पताल में हुआ एंजियोप्लास्टी

बॉलीवुड की दिग्गज ऐक्ट्रेस दीप्ति नवल हेल्थ कारणों की वजह से खबरों में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस को मनाली में हार्ट अटैक आने की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार की सुबह मोहाली के अस्पताल में उनका एंजियोप्लास्टी किया गया। हालांकि डॉक्टर्स के मुताबिक अब उनकी हालत में काफी सुधार है।

वही खबरों के मुताबिक ये बताया जा रहा है कि दीप्ति नवल को रविवार के दिन पहला दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें सोमवार कि रात को कार्डिएक केयर एंबुलेंस से मोहाली शिफ्ट किया गया था। वही मंगलवार को उनका इलाज करवाया गया। और अब उनकी तबीयत काफी ठीक है। अपने हेल्थ के बारे में बातचीत करते हुए दीप्ति नवल ने एक इंटरव्यू में खुद बताया कि उन्हें हार्ट संबंधी लक्षण थे। उन्होनें कहा कि सोमवार के दिन मनाली के एक हॉस्पिटल में उन्होंने एंजियोप्लास्टी कराई। बताया जा रहा है कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर उनका रात करीब 2 बजे ऑपरेशन करना पड़ा। उनको स्टंट डाले गए हैं। दीप्ति ने आगे बताया कि उन्हें अब अस्पताल से छुट्टी मिल गई और अब वो पूरी तरह ठीक है। बता दें कि एक्ट्रेस कुछ दिनों से मनाली में कॉटेज में रह रही थीं, जहां उनकी तबीयत बिगड़ गई। आपको बता दे कि 68 वर्षीय दीप्ति नवल बॉलीवुड में पैरलल सिनेमा का एक बड़ा चेहरा रही हैं। उन्होनें अपनी करियर की शुरूआत 1978 में रिलीज हुई फिल्म जुनून से की। इसके बाद उन्होंने एक बार फिर, कमला, चश्मे बद्दूर, रंग बिरंगी सहित अनेक फिल्मों में काम किया। वही एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और लगातार अपनी पिक्चर्स शेयर कर फैन्स से जुड़ी रहती हैं।





## वन्य अधिकारी बनकर लड़ेंगी जानवरों के हक की लड़ाई

# विद्या बालन ने शुरू की शेरनी की शूटिंग

पैनडेमिक की छाप शूटिंग की तस्वीरों पर साफ देखी जा सकती है। विद्या बालन ने अपनी अगली फि ल्म शेरनी की शूटिंग दोबारा शुरू की है। सेट से जो तस्वीरें आयी हैं उनमें क्रू मेंबर्स को बचाव के जरूरी उपाय अपनाते हुए देखा जा सकता है। लॉकडाउन के बाद एक बार फिर मनोरंजन जगत की हलचल तेज हो गयी है। सिनेमाघर खुल गये हैं और फि ल्मों की रुकी हुई शूटिंग जारी हो रही हैं। हालांकि पैनडेमिक की छाप शूटिंग की तस्वीरों पर साफ देखी जा सकती है। विद्या बालन ने अपनी अगली फि ल्म शेरनी की शूटिंग दोबारा शुरू की है। सेट से जो तस्वीरें आयी हैं, उनमें क्रू मेंबर्स को बचाव के जरूरी उपाय अपनाते हुए देखा जा सकता है। विद्या, शेरनी की शूटिंग मध्य प्रदेश में कर रही हैं। तस्वीरों में विद्या मास्क लगाये हुए पूजा करते हुए नजर आ रही हैं। उनके चारों ओर जो भी क्रू मेंबर्स हैं, सब खुद को पूरी तरह ढके हुए हैं। शेरनी की शूटिंग मार्च के मध्य में लॉकडाउन की वजह से रोक दी गयी थी। शेरनी को अमित मासूरकर निर्देशित कर रहे हैं। फि ल्म की कहानी इंसान और जानवरों के बीच संघर्ष पर आधारित है और विद्या वन्य अधिकारी के रोल में नजर आएंगी। शूटिंग मध्य प्रदेश के जंगलों में की जा रही है। विद्या इससे पहले शकुंतला देवी में नजर आयी थीं, जो अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली विद्या की यह पहली फि ल्म थी। तब विद्या ने जागरण डॉट कॉम से बातचीत में कहा था कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फि ल्में रिलीज करने से भी प्रेशर कम नहीं होता। वही नर्वसनेस और एक्साइटमेंट फील होता है, जो सिनेमाघरों की रिलीज में होता है। बॉक्स ऑफि स बताता है कि कितने लोग गये फि ल्म देखने गये, कितने लोगों को पसंद आयी। वही प्रतिक्रिया जानने की उत्सुकता ओटीटी पर भी रहती है। हां, बॉक्स ऑफिस फिगर्स का टेंशन नहीं रहता, पर प्रतिक्रिया जानने की उत्सुकता तो रहती है। विद्या बालन ने फि ल्मों को ओटीटी पर रिलीज करने की मजबूरी पर कहा था कि छोटे प्रोडक्शन के लिए फि ल्म को अधिक देर तक रोकना मुश्किल होता, क्योंकि कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन पर इंटरेस्ट बढ़ता रहता है तो हमारी जैसी मीडियम साइज फि ल्म के लिए बहुत मुश्किल हो जाती। बड़ी फि ल्म रुक सकती हैं। बड़े पर्दे पर विद्या की आखिरी फि ल्म मिशन मंगल है, जो 2019 में आयी थी और अक्षय कुमार मुख्य स्टार कास्ट का हिस्सा थे। यह फि ल्म बेहद कामयाब रही थी।

न्यूज. ब्रीफ

## बाइडेन ने दी हैरिस को बधाई कहा-व्हाइट हाउस में मनाएंगे अगला जन्मदिन



ऐरी। अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की उपराष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस मंगलवार को 56 साल की हो गई हैं। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार जो बाइडेन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा उनका अगला जन्मदिन व्हाइट हाउस में मनाएंगे। बाइडेन ने इस मौके पर अपने ट्विटर अकाउंट से एक तस्वीर भी साझा की जिसमें दोनों हाथ मिलाते दिख रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि कमला हैरिस को जन्मदिन की बधाई। अगले साल आइसक्रीम के साथ इस दिन को व्हाइट हाउस में मनाएंगे। उल्लेखनीय है कि अगस्त में बाइडेन ने कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद उम्मीदवार के तौर पर नामित किया था। अगर कमला हैरिस निर्वाचित होती हैं तो वह अमेरिका की पहली महिला उप राष्ट्रपति होंगी। वहीं, बाइडेन अगले महीने अपना 78वां जन्मदिन मनाएंगे। हैरिस ने कहा कि जन्मदिन पर उनकी इच्छा है कि सभी लोग घरों से बाहर निकलकर मतदान करें। हैरिस की भांजी मीना हैरिस का जन्मदिन भी 20 अक्टूबर को ही पड़ता है और इस मौके पर उन्होंने अपनी भांजी को भी बधाई दी।

## डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के बीच बांट गए अमेरिकी हिन्दू

हूस्टन। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों के दो सप्ताह बाकी रह गए हैं, इस समय तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंदी जो बाइडेन के हिंदू समर्थकों के बीच राजनीतिक विभाजन गहराता जा रहा है। ट्रंप और बाइडेन के चुनावी अभियानों में हिंदुओं को लुभाने की कोशिश हो रही जो इस समुदाय की बढ़ती राजनीतिक प्रमुखता का संकेत है। हिंदू अमेरिका में चौथा सबसे बड़ा समुदाय है, जो 2016 के आंकड़े के अनुसार अमेरिका की आबादी का लगभग एक प्रतिशत है। सितंबर में बाइडेन ने अपने चुनावी अभियान में हिन्दू अमेरिकन फॉर बाइडेन की शुरूआत की, जबकि अगस्त में ट्रंप ने हिन्दू समुदाय के 20 लाख से अधिक सदस्यों को आकर्षित करने के अपने प्रयासों के तहत हिंदू वॉयसेज फॉर ट्रंप के गठन की घोषणा की। ट्रंप और बाइडेन के अमेरिकी हिंदू समर्थकों के बीच रविवार को 2020 का राष्ट्रपति चुनावः अमेरिकी हिंदू मुद्दों पर एक बहस नामक वेबिनार में हुई एक ऑनलाइन बहस से पता चलता है कि अमेरिका में हिंदू समुदाय के बीच स्पष्ट राजनीतिक विभाजन है। हिंदू समुदाय के समूह ने आरोप लगाया कि बाइडेन को मुसलमानों का समर्थक बताया, तब दूसरे ने ट्रंप पर नस्लवादी होने का आरोप लगाया।

## लॉकडाउन के दौरान भारतीय उद्यमों के खिलाफ धोखाधड़ी के प्रयास हुए दोगुने

मुंबई। कोविड-19 महामारी पर अंकुश पाने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के शुरूआती दिनों में भारतीय उद्यमों के खिलाफ दो गुने हुए आनलाइन धोखाधड़ी के प्रयास । अमेरिका की सूचना और आंतरिक दृष्टि रखने वाली कंपनी ने कहा जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था को खोले जाने का क्रम शुरू हुआ है, धोखाधड़ी के प्रयास के मामलों में भी कमी आती चली गई है। ट्रांस यूनियन नामक कंपनी ने पाया कि लॉकडाउन के पहले चरण (11 मार्च से लेकर 18 मई के बीच) में भारतीय व्यवसायों के खिलाफ आनलाइन धोखाधड़ी के प्रयास महामारी से पहले की अवधि (एक जनवरी से 10 मार्च 2020) के मुकाबले 121 प्रतिशत बढ़ गए। कंपनी ने कहा है कि 19 मई से 25 जुलाई के बीच जैसे ही काम धंधे शुरू होने लगे तो धोखाधड़ी के इन प्रयासों में गिरावट आने लगी और लॉकडाउन के पहले चरण के मुकाबले ऐसे प्रयास 29 प्रतिशत कम हो गए। कंपनी धोखाधड़ी से बचाव का समाधान पेश करती है। कंपनी 40 हजार से अधिक वेबसाइट और ऐप पर नजर रखती है और अरबों डालर के लेनदेन पर खुफिया नजर रखती है। ट्रांसयूनियन के भारत स्थित कार्यालय में धोखाधड़ी, निदान और वैकल्पिक डेटा के प्रमुख शालीन श्रीवास्तव ने कहा धोखाधड़ी करने वाले ये लोग अपने प्रयासों में असफल रहे क्योंकि उद्यमों द्वारा अपनाए गए सुरक्षा उपायों की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाए।

## जातीय उत्पीड़न के विरोध में बाल्मीकि समुदाय के 236 लोगों ने अपनाया बौद्ध धर्म



गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के हाथरस कांड को लेकर वाल्मीकि समुदाय के लोग बेहद आहत है। इस घटना के बाद गाजियाबाद के करहैड़ा गांव के बाल्मीकि समुदाय के 236 लोगों ने अपने साथ जातीय उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए हिंदू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। लगातार आर्थिक तंगी और उत्पीड़न की वजह से इन लोगों ने बीती 14 अक्टूबर को बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया है। डॉ. बीआर अंबेडकर के पड़पोते राजरत्न अंबेडकर ने 50 परिवारों को बौद्ध धर्म की दीक्षा दिलाई। बौद्ध धर्म अपनाने वाले लोगों के बीच हाथरस में हुई घटना को लेकर काफी नाराजगी है। इसके आलावा पुलिस ने जिस तरह से रात के अंधेरे में पीड़िता का अंतिम संस्कार किया, उसको लेकर भी उनके मन में काफी असंतोष है। इसके अलावा खराब आर्थिक स्थिति और बेरोजगारी को भी धर्म परिवर्तन की मुख्य वजह बताया गया है।

# महाराष्ट्र के दलित नेता एकनाथ खडसे ने क्यों छोड़ी भाजपा ?

मुंबई ■ एजेंसी

वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे ने भारतीय जनता पार्टी से बुधवार को इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि वे अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 23 अक्टूबर (शुक्रवार) को ज्वाइन करेंगे। हालांकि, इस इस्तीफे के साथ ही खडसे ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम देवेन्द्र फडणवीस पर हल्ला बोला।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल को इस्तीफा सौंपने के बाद खडसे ने कहा कि वह व्यक्तिगत कारण से पार्टी छोड़ रहे हैं। लेकिन, उसके बाद मीडिया में दिए बयान में खडसे ने जमकर फडणवीस को कोसा। उन्होंने कहा- मेरी इच्छी नहीं थी पार्टी छोड़ने की लेकिन एक व्यक्ति की वजह से छोड़ना पड़ रहा है। इसकी शिकायत मैंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से की लेकिन वहां भी सुनवाई नहीं हुई, इसलिए मैंने पार्टी छोड़ने का फैसला किया।

खडसे ने कहा- मेरी नाराजगी देवेंद्र फडणवीस से है। मेरे पीछे जनता है और मैंने अपना इस्तीफा दिया और एनसीपी में शामिल हो जाऊंगा। 40 साल मैंने पार्टी को दिए हैं। जब मुझ पर आरोप लगा उस वक्त मैंने खुद सीएम से कहा था कि मुझ पर आरोप लगा रहे हो। उसके बाद मैंने जांच करवाई लेकिन कुछ नहीं निकला। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद 2016 में तत्कालीन देवेन्द्र फडणवीस नीत भाजपा सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देने बाद से ही खडसे नाराज चल रहे थे। राकांपा के राज्य प्रमुख पाटिल ने पत्रकारों से कहा कि खडसे के पार्टी में शामिल होने से शरद पवार नीत पार्टी को मजबूती मिलेगी। खडसे पूर्व मंत्री एवं राज्य विधानसभा में नेता विपक्ष रह चुके हैं।

राज्य के जल संसाधन मंत्री पाटिल ने कहा, क्योंकि वह भाजपा छोड़ना चाहते हैं, इसलिए वह शुक्रवार दोपहर दो बजे राकांपा में शामिल होंगे। उन्होंने दावा कि राज्य के लोगों ने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों से भाजपा में खडसे के साथ अन्याय हो रहा है। इसलिए ही वह पार्टी बदल रहे हैं। पाटिल ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि भाजपा इस बात का आत्मावलोकन करेगी कि आखिर खडसे जैसे वरिष्ठ नेता ने पार्टी क्यों छोड़ी। राकांपा में खडसे की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर पाटिल ने कहा, पार्टी इसका निर्णय लेगी...उन्होंने पवार साहब के नेतृत्व में काम करने को लेकर सहमति जतायी है।

एकनाथ खडसे की बहू रक्षा खडसे महाराष्ट्र की रावर सीट से लोकसभा सांसद हैं। उनके एकनाथ खडसे के साथ पार्टी में शामिल होने के सवाल पर पाटिल ने कहा, कई लोग राकांपा में शामिल होना चाहते हैं। लेकिन कोविड-19 के दौरान तत्काल उप चुनाव कराने की कोई आवश्यकता नहीं है। राकांपा नेता ने कहा, जहां तक मुझे पता है कि कई विधायक मेरे सम्पर्क में हैं। कोविड-19 के खतरे के चलते हम ऐसी राजनीति और चुनाव नहीं करना चाहेंगे।



### खडसे के फडणवीस के साथ तनावपूर्ण संबंध है

ऐसा माना जाता है कि खानदेश के जलगांव जिले से आने वाले खडसे के फडणवीस के साथ तनावपूर्ण संबंध है। एक समय था जब फडणवीस मंत्रिमंडल में उन्हें नंबर दो का दर्जा प्राप्त था लेकिन 2016 में भूमि अधिग्रहण संबंधी आरोपों के चलते राजस्व मंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद से उन्हें भगवा पार्टी में काफी हद तक दरकिनार कर दिया गया। राज्य के जल संसाधन मंत्री जयंत पाटिल ने दावा किया कि कई लोग राकांपा में शामिल होना चाहते हैं लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि कोविड-19 संकट के कारण उपचुनाव कराने की जरूरत नहीं है। पाटिल ने कहा, एकनाथ खडसे साहब जिन्होंने दिवंगत गोपीनाथ मुंडे साहेब के साथ मिलकर महाराष्ट्र में भाजपा का विस्तार करने के लिए कई वर्षों तक काम किया, उन्होंने मुझसे कुछ समय पहले कहा था कि वह पार्टी छोड़ना चाहते हैं।

| कृषि कानून संशोधन : अमरिंदर सिंह को केजरीवाल का करारा जवाब |

# जुबानी जंगः कोई राज्य नहीं बदल सकता केंद्र का कानून

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

पंजाब के किसानों द्वारा कृषि कानूनों में बदलाव की मांग को लेकर अमरिंदर सिंह की सरकार द्वारा पंजाब विधानसभा पास कराए गए संशोधन बिल पर आम आदमी पार्टी (आप) और पंजाब सरकार के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि राज्य केंद्र का कानून नहीं बदल सकता। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह केवल नाटक कर रहे हैं।

केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, राजा साहिब, आपने केंद्र के कानूनों में संशोधन किया। क्या राज्य केंद्र के कानूनों को बदल सकता है? नहीं। आपने नाटक किया। जनता को बेवकूफ बनाया। आपने जो कल कानून पास किए, क्या उसके बाद पंजाब के किसानों को टरढ मिलेगा? नहीं। किसानों को एमएसपी चाहिए, आपके फर्जी और झूठे कानून नहीं। दरअसल, पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तीन संशोधित बिलों को लेकर शिरोमणि अकाली दल और आम आदमी पार्टी के दोहरे मापदंडों पर हैरानी जताते हुए कहा है कि इन दोनों पार्टियों ने सदन में इन बिलों का समर्थन करने के कुछ घंटों बाद ही इनकी निंदा करनी शुरू कर दी, इससे स्पष्ट है कि विपक्ष किसानों के मुद्दे पर गंभीर नहीं हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि विपक्ष के नेता विधानसभा में बिलों के समर्थन में बोले और बिल पास होने के बाद वे राज्यपाल से मिलने उनके साथ गए, लेकिन अब बाहर कुछ और ही बोली बोल रहे हैं।



### अकालियों और आप के दोगलेपन से हैरान हूं : अमरिंदर

सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि किसानों ने इन बिलों के खिलाफ कुछ भी नही कहा, लेकिन इन पार्टियों ने बिलों को लेकर मीन-मेख निकालना शुरू कर दिया। असल में किसानों के भविष्य को लेकर यह पार्टियां बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया और आप पार्टी नेतृत्व के बयानों पर प्रतिक्रिया जताते हुए कैप्टन सिंह ने कहा कि यदि वो सोचते हैं कि कांग्रेस सरकार लोगों को मूर्ख बना रही है तो फिर वो इस बारे में सदन में बात क्यों नही रखते। उन्होंने बिलों को समर्थन क्यों दिया। यदि मुझे लोगों को मूर्ख ही बनाना होता तो मैं ईमानदारी से उनके साथ अपनी बात साझा क्यों करता। दरअसल अकाली और आप झूठ बालने के पहले से ही आदी है। कैप्टन सिंह ने कहा कि आप की दिल्ली सरकार को पंजाब जैसे कानून लाने चाहिए ताकि केंद्रीय कृषि कानूनों के घातक प्रभावों को प्रभावहीन बनाया जा सके। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी पंजाब के रास्ते पर चलना चाहिए। कानूनी तौर पर बहुत से रास्ते मौजूद है, लेकिन राज्यपाल लोगों की आवाज सुनते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। पंजाब की आवाज राज्यपाल के पास पहुंच चुकी है और वह भारत के राष्ट्रपति को बिल भेजेंगे। राष्ट्रपति राज्य के लोगों की भावनाओं और अपील को दरकिनार नहीं कर सकते।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएस से कथित मारपीट के मामले में सत्र न्यायालय के फैसले को रद्द किया

नई दिल्ली ■ ब्यूरो



दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2018 में मुख्य सचिव अंशू प्रकाश से कथित मारपीट के मामले में गवाह के बयान को मुहैया कराने की मुख्यमंत्री केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री सिसोदिया की याचिका को खारिज करने वाले सत्र न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि पुलिस तय नहीं कर सकती हैं कि किस सबूत को रिकॉर्ड में लाया जाए। न्यायमूर्ति सुरेश ललित ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह मामले में आदेश पारित करते वक्त 21 फरवरी 2018 को दिए गए बयान पर विचार करे। उच्च न्यायालय ने कहा कि जांच एजेंसी की प्रमुख जिम्मेदारी है कि वह मामले की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच करे और इसके बाद जमा सभी सबूत बिना चुने स्वीकार करने की नीति के तहत अदालत के संज्ञान में लाए। उच्च न्यायालय ने कहा, जांच एजेंसी को सबूतों का मूल्यांकन करने का अधिकार नहीं है, यह अदालत का कार्यक्षेत्र है इसकारण इस सबंध में 24 जुलाई 2019 के आदेश को रद्द किया जाता है।

अदालत ने कहा, साथ ही निचली अदालत को निर्देश दिया जाता है, कि मामले में आदेश पारित करते समय 21 फरवरी 2018 को बीके जैन (गवाह) के बयान पर विचार करे जो केस डायरी का हिस्सा है और आरोपी द्वारा रिकॉर्ड पर लाया गया है। केजरीवाल और सिसोदिया ने अधिवक्ता मोहम्मद इरशाद द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया कि अभियोजन पक्ष ने 21 फरवरी 2018 को दर्ज जैन के बयान को वापस ले लिया क्योंकि वह उसके मुताबिक नहीं था जिससे याचिकाकर्ताओं को मामले में फंसाने में मदद मिली।

### बैठक के दौरान की गई थी मारपीट

गौरतलब है कि प्रकाश ने आरोप लगाया है कि 19 फरवरी 2018 को केजरीवाल के आवास सह कार्यालय में बैठक के दौरान उनके साथ मारपीट की गई। बाद में उनका स्थानांतरण कर दिया गया और अब वह दूरसंचार विभाग में अपर सचिव के पद पर कार्यरत हैं। निचली अदालत ने मारपीट के मामले में 25 अक्टूबर 2018 को केजरीवाल, सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के नौ अन्य विधायकों को जमानत दे दी थी। इस मामले में दो अन्य आरोपी और गिरफ्तार हुए विधायक अमानतुल्ला खान और प्रकाश जरीवाल को उच्च न्यायालय से जमानत मिली।

# रेलवे की मनमानी : पर्व स्पेशल और क्लोन ट्रेनों में यात्रियों से वसूल रहे 30 फीसदी अधिक किराया

पटना ■ एजेंसी

त्योहार के समय आम लोगों को राहत देने के लिए रेलवे की ओर से क्लोन स्पेशल व पर्व स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन ट्रेनों में यात्रियों को पहले की तुलना में 25 से 30 फीसदी अधिक किराया देना पड़ रहा है। जबकि इन ट्रेनों में अमूमन सामान्य व मध्यम वर्ग के यात्री ही आ-जा रहे हैं।

पर्व स्पेशल ट्रेनों में पटना से नई दिल्ली के लिए स्लीपर क्लास के लिए 650 रुपए लग रहे हैं, जबकि दूसरी ट्रेनों में पटना से नई दिल्ली का किराया महज 510 रुपये है। इसी तरह सभी पर्व स्पेशल ट्रेनों में पहले से चल रही ट्रेनों की तुलना में 30 प्रतिशत तक अधिक किराया वसूला जा रहा है। पटना जंक्शन के आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कोरोना काल में ट्रेनों की संख्या कम होने व यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने पर्व स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। जिन ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट लंबी हो रही थी, उसके लिए क्लोन ट्रेनें चलाई गई हैं।

पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल व पाटलिपुत्र जंक्शन समेत पूर्व मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों से अभी कुल 60 जोड़ी पर्व व क्लोन स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। लेकिन इन ट्रेनों में सफर करने वालों की जेबें ढीली हो रही हैं। पर्व स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी, 3 एसी और 2 एसी में प्रति टिकट 150 रुपये से लेकर 450 रुपये अधिक देने पड़ रहे हैं। वहीं, पटना से मुंबई के लिए पर्व स्पेशल व क्लोन ट्रेनों में शयनयान श्रेणी के लिए 920 रुपये लग रहे हैं, जबकि दूसरी ट्रेनों में इसका किराया 670 रुपये है। यानी एक यात्री से प्रति टिकट 250 रुपये अधिक लिए जा रहे हैं। इसी तरह बेंगलुरु के लिए पर्व स्पेशल के स्लीपर क्लास का टिकट दूसरे ट्रेन की तुलना में 185 रुपये अधिक है।



### सरकार को लोगों की चिंता नहीं

यात्रियों का कहना है कि रेलवे मनमाने ढंग से यात्रियों से पैसे की वसूली कर रहा है। रेलवे व सरकार को आम लोगों की चिंता नहीं है। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मध्य रेल में मंगलवार से कुल 48 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन शुरू हो रहा है। इसमें से पूर्व मध्य रेल की ट्रेन के अलावा फॉरेन ट्रेन व पासिंग ट्रेनें शामिल है। वहीं, 12 जोड़ी क्लोन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन भी हो रहा है। पर्व स्पेशल में 13 जोड़ी ट्रेन पूर्व मध्य रेल की है। 18 जोड़ी ट्रेनें दूसरे जोन की हैं जो यहां के स्टेशनों पर पहुंचेंगी व खुलेंगी। वहीं, 17 जोड़ी ट्रेनें पासिंग है जिनका केवल पूर्व मध्य रेल के स्टेशनों पर ठहराव होगा। वहीं, पांच जोड़ी क्लोन स्पेशल ट्रेन पूर्व मध्य रेल व पांच जोड़ी फॉरेन की है। दो जोड़ी पासिंग ट्रेनें है।

# दशहरे पर चीन बॉर्डर का दौरा करेंगे राजनाथ सिंह, कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कर चीन को देंगे मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

पूर्वी लद्दाख में कई महीनों से भारत-चीन के बीच सीमा विवाद जारी है। कई बैठकों के बावजूद भी तनावपूर्ण माहौल शांत नहीं हो रहा है। इस बीच, दशहरा के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत-चीन बॉर्डर के पास जा रहे हैं। राजनाथ सिक्किम का दौरा करेंगे ओर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जवानों का सामना कर रहे भारतीय सेना के जवानों के मनोबल को बढ़ाएंगे। इस दौरान, रक्षा मंत्री शस्त्र पूजा भी करेंगे। रक्षा सूत्रों के अनुसार, राजनाथ सिंह 23-24 अक्टूबर को सिक्किम जाएंगे और वहां पर कई रोड प्रोजेक्ट्स, पुल आदि का उद्घाटन करेंगे। यह सड़कें और पुल आम नागरिकों के अलावा, सेना के जवानों की आवाजाही और उनके हथियारों को सीमा पर पहुंचाने के लिए काफी काम आएंगे। रक्षा मंत्री के हिंदू परंपरा के अनुसार सिक्किम में चीन की सीमा के पास तैनात स्थानीय इकाइयों में से एक के साथ शस्त्र पूजा करने की भी संभावना है। शस्त्र पूजा के दौरान दशहरे में हथियारों की पूजा की जाती है। पिछले साल उन्होंने फ्रांस में भारत के पहले राफेल लड़ाकू विमान को लेते हुए ऐसा किया था। वहीं, सिक्किम दौरे पर राजनाथ सिंह फॉरवर्ड इलाकों का भी दौरा करेंगे, जहां पर भारत के बड़ी संख्या में जवान तैनात हैं। उनके साथ टैंक्स समेत कई हथियार भी हैं, जोकि चीन द्वारा किसी भी घुसपैठ को नाकाम करने के लिए तैनात किए गए हैं।



बिहार चुनाव | पालीगंज में एनडीए प्रत्याशी के लिए वोट मांगने पहुंचे उप्र के मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को संबोधित किया

# माले को राजद-कांग्रेस एक नए कोरोना के रूप में आपके बीच छोड़ना चाहते हैं, इसे सफल नहीं होने देना हैः योगी आदित्यनाथ

पटना ■ एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ बिहार की राजधानी पटना में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। बुधवार को पालीगंज में एनडीए प्रत्याशी के लिए वोट मांगने पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजद और कांग्रेस भाकपा (माले) के रूप में आपके बीच एक नए कोरोना को छोड़ना चाहते हैं। भाकपा माले कोरोना से कम नहीं है। उन्होंने अपील की कि आप लोग इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने देना।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आपने कोरोना पर एक हद तक नियंत्रण कर लिया है। लेकिन राजद-कांग्रेस एक नए कोरोना के रूप में भाकमा माले को आपके बीच छोड़ना चाहते हैं। ये भारत के टूकड़े-टूकड़े करने की मंशा के साथ उच्च संस्थानों में नारे बाजी करते हैं। कांग्रेस और



राजद से उन्हें समर्थन मिलना, भारत के राजनीतिक क्षेत्र में इससे बड़ा दुर्भाग्य कोई दूसरा नहीं हो सकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को तोड़ने की मंशा के साथ आकर ये लोग देश में आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद को फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार की जनता से मैं अपील करता हूं कि इन लोगों को इनके मकसद में सफल नहीं होने देना है। सीएम योगी ने कहा कि बिहार में विकास और सुशासन का गठबंधन है। कांग्रेस ने देश के अंदर सर्वाधिक समय तक शासन किया। 2004 से 2014 तक राजद केंद्र में सहयोगी दल था। इस दौरान उन लोगों ने गरीबों को मकान, शौचालय, लाइट क्यों नहीं दी। आयुष्मान कार्ड क्यों नहीं दिया। किसान सम्मान निधि चालू क्यों नहीं की। मोदी जी ने कहा सबका साथ-सबका विकास। हमने सबके लिए काम किया है और इन योजनाओं का लाभ सबको मिल रहा है। राजद और कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लिए पूरा देश ही परिवार है। हमारा तो संकल्प है, तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहे न रहे। लेकिन इनका संकल्प है, मेरा वैभव अमर रहे मां, तुम दिन चार रहो न रहो। यूपी सीएम ने कहा कि इनके लिए पार्टी और परिवार ही देश है। लेकिन हमारे लिए देश ही सबकुछ है। आदित्यनाथ ने कहा कि ये लोग देश के खिलाफ बंटवारे की राजनीति करते रहे हैं। 1947 में कांग्रेस ने भारत का दुर्भाग्यपूर्ण बंटवारा किया। अभी भी अपनी स्वार्थ के लिए वो इस तरह के कार्य कर रहे हैं।

### लालू की बहू ऐश्वर्या राय ने चुनावी सभा में छुए नीतीश कुमार के पैर

सारण। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के लिए चुनाव प्रचार पूरे जोर पर है। अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने के लिए सभी बड़े नेता रैली कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सारण जिले की परसा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। यहां से चंद्रिका राय जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार है। मंच पर अपने पिता के साथ लालू यादव की बहू और तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय भी मौजूद थी। उन्होंने इस चुनावी सभा में नीतीश कुमार के पैर छुए। इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए ऐश्वर्या राय ने कहा कि मैं अपने पिता के लिए आप सभी लोगों से वोट मांगने आई हूं। यह परसा विधानसभा क्षेत्र के मान सम्मान की बात है। अपने संबोधन के दौरान ऐश्वर्या ने खुद भी राजनीति में आने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि मैं कुछ ही समय बाद आप लोगों के बीच आऊंगी। इस सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने रखा।

हैदराबाद में महिला को जहर देकर

# जेवरात लूटने वाली महिला को एसएसबी ने दबोचा



बहराइच। हैदराबाद में वृद्ध महिला को जहर देकर घर में रखे नगदी व जेवरात को लेकर अपने घर भाग कर आ रही नौकरानी को भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग के दौरान एसएसबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान युवती के पास से नगदी व जेवरात बरामद हुए। एसएसबी ने पकड़ी गई युवती को हैदराबाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। हैदराबाद में पीड़ित वृद्ध महिला का इलाज चल रहा है। नेपाल राष्ट्र के कैलाली जिला के धनगढ़ी नगर पालिका वार्ड नंबर आठ चेतकपुर निवासी महिला माया नौकरी करने के लिए हैदराबाद गई हुई थी। हैदराबाद के नाचेराम थाना क्षेत्र के एचएमटी कालोनी निवासी 75 वर्षीय सीएच ललिता अम्मा ने महिला को अपने घर में नौकरी दी थी। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रवीण कुमार ने बताया कि महिला माया ने बुजुर्ग महिला को जहर दे दिया। महिला की हालत बिगड़ी तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका फायदा उठाते हुए माया ने घर में रखे जेवरात न नगदी पर हाथ साफ कर दिया। जिसे लेकर वह अपने घर आने के लिए रूपईडीहा पहुंची। हैदराबाद में फरार महिला की तलाश में पुलिस जुट गई थी। घटना की जानकारी व फोटो हैदराबाद पुलिस द्वारा पहले ही एसएसबी को दी जा चुकी थी। भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग के दौरान आरक्षी दीपिका बेन व अभिसिन पटेल ने फोटो के आधार पर महिला को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान महिला के पास से 147 ग्राम सोना व डेढ़ लाख रूपये नगदी बरामद किया गया। कमांडेंट ने बताया कि हैदराबाद पुलिस को फरार महिला के पकड़े जाने की जानकारी दी गई। जिस पर वहां से आई पुलिस टीम में इंस्पेक्टर लौडी बालू चौहान व आरक्षी नरसिंह राव को पकड़ी गई महिला व बरामद सामान सुपुर्द कर दिया गया।

## ...ई सिटी एफसी का ...फेंडर स्कीप से करार

...ई। आईएसएल फुटबॉल क्लब ...ई सिटी एफसी ने युवा डिफेंडर ...म्मद स्कीप के साथ साल ...22 तक लिए अनुबंध किया है। ... खिलाड़ी ने साल 2017 में ...ल ब्लास्टर्स की ओर शुरूआत ... और साल 2017-18 में आई-...ा की दूसरी डिवीजन में अपनी ...टीम की ओर से खेला। इसके ... इस खिलाड़ी ने केरल ब्लास्टर्स ...सीनियर टीम की ओर से खेला ...र अगले दो सत्रों में क्लब की ...र से 26 मैच खेले। स्कीप ने ...ई सिटी एफसी से जुड़ने पर ..., मैं टीम में आने के अवसर पर ...साहित हूं, जो अब मेरे सामने है। ...के साथ ही मुझ पर विश्वास ...ाने के लिए मैं मुंबई सिटी को ...न्यवाद देना चाहता हूं। मैं 20 साल ... हूं और मेरा मानना है कि मुझे ...ने करियर में बहुत कुछ सीखना ...र हासिल करना है।

**रेस** इटली में गिरो इटालिया साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेते हुए प्रतियोगी।



## स्वर्ण पदक विजेता पहलवान की सैनिटाइजर पीने से मौत



**अंबाला।** कुश्ती में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता पहलवान अजय ठाकुर की सैनिटाइजर पीने से मौत हो गई है। अजय को करीब 11 माह पूर्व पंचकूला में हुई एक डकैती के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही जेल में बंद अजय परेशान था और उसने सैनिटायजर पी लिया। मृतक के एक साथी के अनुसार अजय पिछले दो दिन से सैनिटाइजर पी रहा था। उसने जेल कैंटीन से सैनिटाइजर की दो बोतलें हाथ धोने की कह कर खरीदी थी। तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल भेजा गया पर उसकी मौत हो गयी। हिमाचल प्रदेश स्थित नालागढ़ के सैनी माजरा निवासी अजय को राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक मिला था। इतना ही नहीं उसने सेना में तीन साल सूबेदार के पद पर भी अपनी सेवाएं दीं, लेकिन उसका मन नहीं लगा और उसने नौकरी छोड़ दी। अजय ने अपने दोस्त वीके राणा के साथ मिलकर सैनी माजरा में खोले गए बजरंग अखाडे में युवाओं को पहलवानी के दाव-पेंच सिखाने शुरू कर दिए।

## न्यूज़. ब्रीफ



### शिखर धवन ने पूरे किये पांच हजार रन

**मुम्बई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जा रहे आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 9 मैच खेलने के बाद शीर्ष पर बनी हुई है। इसमें उसके सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की अहम भूमिका रही है। शिखर ने इस सत्र में करीब 67 के औसत से रन बनाये हैं। किंग्स इलेवन के खिलाफ मैच में धवन ने शतक लगाया, यह उनका लगातार दूसरा शतक था। धवन ने इससे पहले के मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी शतक लगाया था। इसी के साथ ही धवन इतिहास के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो शतक लगाये हैं। पंजाब के खिलाफ 62 रन बनाते ही धवन ने अपने आईपीएल करियर के पांच हजार रन भी पूरे कर लिए। अब 169 मैचों की 168 पारियों में उनके नाम 5044 रन हैं। धवन ने आईपीएल में दो शतक और 39 अर्धशतक लगाए हैं। इस सत्र से पहले धवन के नाम एक भी आईपीएल शतक नहीं था। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान डेविड वॉर्नर ने भी पांच हजार आईपीएल रन पूरे किए थे। आईपीएल के शीर्ष स्कोररों की बात करें तो पहले नंबर पर आरसीबी के कप्तान विराट कोहली हैं। विराट ने 186 मैचों में 5759 रन बनाये हैं जबकि दूसरे नंबर पर सुरेश रैना, तीसरे पर रोहित शर्मा, चौथे पर धवन और पांचवें नंबर पर वॉर्नर हैं।

### तीन क्रिकेटरों के पॉजिटिव पाये जाने के बाद बीसीबी ने स्थगित किया शिविर

**ढाका।** बांग्लादेश की अंडर-19 राष्ट्रीय टीम के तीन क्रिकेटर कोरोना वायरस से संक्रमित पाये गये हैं। वहीं 15 अन्य खिलाड़ियों में इस बीमारी के लक्षण नजर आये हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार ये सभी खिलाड़ी बांग्लादेश क्रीड़ा शिक्षा प्रतिष्ठान (बीकेएसपी) में चल रहे शिविर का हिस्सा रहे थे। इस शिविर का आयोजन जूनियर एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए किया गया था पर इस टूर्नामेंट को अब स्थगित कर दिया गया है। टीम के एक अधिकारी ने कहा, नियमों के अनुसार लक्षण दिखने वाले लोगों के संपर्क में आने वाले सभी लोगों को हमने पृथक (अलग-थलग) किया है। उन्होंने कहा, कुछ खिलाड़ियों में लक्षण दिख रहे थे, इसलिए हमने कमरे में उनके साथ रहने वालों और उनके साथ नेट अभ्यास करने वालों को भी अलग कर दिया है। हमारी मेडिकल टीम ने बताया है कि तीन लोग पॉजिटिव पाए गए हैं हालांकि हम उनके नामों का खुलासा नहीं कर सकते पर हमने उन्हें और उनके संपर्क में आने वालों को पृथक कर दिया है। पॉजिटिव परिणामों के बाद बीसीबी ने शिविर को बंद कर दिया है और अगले महीने परीक्षण के बाद इसे दोबारा आयोजित करने की योजना बनाई है।

### आईपीएल में ब्लैक लाइव्स मैटर अभियान की उपेक्षा से निराश हैं होल्डर

**दुबई।** वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर इस बात से निराश हैं कि आईपीएल के दौरान किसी भी टीम ने अब तक नस्लभेद के खिलाफ जारी अभियान ब्लैक लाइव्स मैटर (बीएलएम) के समर्थन में घुटने के बल झुककर एकजुटता नहीं दिखायी है। होल्डर ने क्रिकेट की इस सबसे बड़ी लीग पर एक संवेदनशील मामले की उपेक्षा का आरोप लगाया है। आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद के सदस्य होल्डर ने एक कार्यक्रम में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम की ओर से प्रतिष्ठित पीटर स्मिथ पुरस्कार लेने के दौरान यह बयान दिया। पीटर स्मिथ पुरस्कार वार्षिक सम्मान है जो जनता को क्रिकेट पेश करने के लिए बहुमूल्य योगदान पर दिया जाता है। होल्डर ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो आईपीएल में अब तक (बीएलएम) को लेकर एक बार भी बात नहीं हुई। कभी कभी लगता है कि इसकी अनदेखी कर दी गई जो दुखद है। मुझे लगता है कि हमें इसके महत्व को दोबारा बताना होगा, जिससे कि लोग समझ सकें कि दुनिया में क्या चल रहा है।

## ...र्ष दोनों टीमों को हराने का ...ा हमारा लक्ष्य: केएल राहुल



...ई। किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने ...ा है कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछला मैच सुपर ...र तक खिंचने के कारण वह रात भर सो नहीं पाए ... राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट ...ीत के बाद कहा, पिछले दो मैचों से पहले हमने अंक ...लिका की शीर्ष दोनो टीमों को हराने पर बात की थी ... सही हुई। साथ ही कहा कि मैं पिछले मैच के बाद सो ... पाया था। हमें उसे पहले ही समाप्त करना चाहिए था ...र उसे सुपर ओवर तक नहीं खींचना चाहिए था पर ... मैच ने हमें विनम्र रहना सिखाया क्योंकि खेल ...खिर में हम सबसे बड़ा होता है। पंजाब ने उस मैच में ...र ओवर में मुंबई को हराया था। इसके बाद उसने ...ली को हराया हैं। दिल्ली के खिलाफ टीम की जीत ...निकोलस पूरन की अहम भूमिका रही है। इस मैच के ...तिम ओवरों में निचले क्रम के बल्लेबाजों ने टीम को ...ा के लक्ष्य तक पहुंचाया था। इसपर राहुल ने कहा, ... आप छह बल्लेबाजों और एक ऑलराउंडर के ...थ खेल रहे हों तब शीर्ष चार में से किसी एक को ...का निभानी होगी। किसी एक को मैच के आखिर ... टिके रहना होगा। इस पर हमें गौर करना होगा। हमें ... में सुधार करना होगा। राहुल ने अपने गेंदबाजों की ...सा करते हुए कहा, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का ...ले मैच से मनोबल बढ़ा है। वह हर अगले मैच में ...तर प्रदर्शन कर रहा है। वहीं अर्शदीप सिंह ने पावरप्ले ...ी और डैथ ओवरों में एक ओवर किया। उसका छह ...र करना शानदार रहा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली के ...ान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को दस रन ... पड़ गए लेकिन फिर भी इस मैच में उन्हें कुछ अच्छी ...ब मिली। उन्होंने कहा, सलामी बल्लेबाज शिखर ...न ने अपनी शतकीय पारी के दौरान हालातों से ...छी तरह से तालमेल बिठाया। उनका नए बल्लेबाज ... लिए यही संदेश होता था कि गेंद रुककर बल्ले पर ... रही है। इस हार के बावजूद अच्छी बात यह है कि ...लाड़ियों का आत्मविश्वास बना हुआ है।

आईपीएल 2020: तालिका में राजस्थान छठवें तो हैदराबाद सातवें नंबर की टीम

# राजस्थान-हैदराबाद की टीमें करो या मरो के मुकाबले में भिड़ेंगी

- दोनों टीमों के अनुभवहीन युवा अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे
- सीनियर खिलाड़ी उम्मीद के अनुरूप नहीं कर पा रहे टूर्नामेंट में प्रदर्शन

दुबई ■ एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग के 'करो या मरो' के मुकाबले में गुरुवार को जब यहां आमने-सामने होंगे तो इस मुश्किल समय में दोनों टीमों के अनुभवहीन युवा खिलाड़ी अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे। सनराइजर्स के प्रियम गर्ग और अब्दुल समद हों या रॉयल्स के कार्तिक त्यागी और रियान पराग, दोनों टीमों के युवा खिलाड़ियों पर सीनियर खिलाड़ियों के उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण अतिरिक्त दबाव है।

सनराइजर्स आठ टीमों की अंक तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर है और टीम के नौ मैचों में सिर्फ छह अंक हैं। पिछले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद रॉयल्स की टीम उनसे एक स्थान आगे है और उसके आठ अंक हैं। सनराइजर्स की टीम को प्लेऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए अपने बाकी बचे पांचों मैच जीतने होंगे जबकि रॉयल्स की टीम जीत की लय बरकरार रखना चाहेगी और टीम उम्मीद कर रही होगी कि सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच की तरह इस मैच में भी उसके विदेशी खिलाड़ी उम्दा प्रदर्शन करेंगे।

आईपीएल अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है और ऐसे में दोनों ही टीमों की राह आसान नहीं होगी और दोनों ही टीमों को पता है कि वे ढिलाई बरतने की स्थिति में नहीं हैं। रॉयल्स ने दो बड़ी हार के बाद वापसी की है और सनराइजर्स के खिलाफ जीत की दावेदार होगी जिसे अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सुपर ओवर में हार झेलनी पड़ी। जोफ्रा आर्चर रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे हैं, जबकि श्रेयस गोपाल और राहुल तेवतिया की स्पिन जोड़ी ने सुपरकिंग्स के खिलाफ बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया और कप्तान स्टीव स्मिथ को गुरुवार को अपने गेंदबाजों से एक और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सुपरकिंग्स के खिलाफ जोस बटलर ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया जिससे स्मिथ बिना किसी दबाव के खेल सके, लेकिन रॉयल्स को साझेदारियों की जरूरत होगी। ऑलराउंडर बेन स्टोक्स अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जबकि रोबिन उथप्पा टीम की सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रहे हैं। ऐसे में स्मिथ पंजाब के मनन वोहरा को मौका देने पर विचार कर सकते हैं।



**दोनों टीमों की संभावित खिलाड़ी**

**राजस्थान रॉयल्स**
बेन स्टोक्स, रॉबिन उथप्पा, संजू सैमसन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), जोस बटलर, राहुल तेवतिया, रियान पराग, जोफ्रा आर्चर, कार्तिक त्यागी, श्रेयस गोपाल, अंकित राजपूत।

**सनराइजर्स हैदराबाद**
डेविड वॉर्नर (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, मनीष पांडे, केन विलियमसन, प्रियम गर्ग, विजय शंकर, राशिद खान, संदीप शर्मा, खलील अहमद, टी नटराजन, शाहबाज नदीम।

### स्टीव स्मिथ ने बटलर को एबी डीविलियर्स और कीरोन पोलार्ड जैसा मैच फिनिशर बताया



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीव स्मिथ ने जोस बटलर की तुलना विलियर्स और पोलार्ड जैसे दिग्गजों से करते हुए कहा कि फिनिशर के रूप में मैच जिताने में बटलर किसी से कम नहीं है। रॉयल्स के स्पिनरों ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट पर 125 रन पर रोका, इसके बाद बटलर ने 48 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को सात विकेट की आसान जीत दिलाई। स्मिथ ने मैच के बाद कहा, वह (बटलर) किसी से कम नहीं है। हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारे साथ है। उनकी बल्लेबाजी में इतनी अधिक विविधता है। बटलर शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं लेकिन स्मिथ ने सुपर किंग्स के खिलाफ उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। स्मिथ ने कहा कि टीम के संतुलन के लिए यह जरूरी था। स्मिथ ने कहा,जोस शीर्ष पर अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। उनमें वे चीजें करने की क्षमता है, जो डि विलियर्स, पोलार्ड और (हार्दिक) पंड्या कर सकते हैं। ये खिलाड़ी अंतिम ओवरों में आपको मैच जिता सकते हैं। उन्होंने कहा, यह मुश्किल था (बटलर को बल्लेबाजी क्रम में नीचे करना) लेकिन यह मध्यक्रम को स्थिरता देता है।

## ...फॉरेंसिक ऑडिट में भी गड़बड़ी: प्रभात ...यरी पर सेबी ने कसा शिकंजा, 7 दिनों के ...ंदर 1,292 करोड़ जमा करने का आदेश





- सेबी ने कहा कि कंपनी ने फॉरेंसिक ऑडिट में कोई मदद नहीं की है
- सेबी के आदेश के बाद भी कंपनी का शेयर बुधवार को इंट्रा डे में 20 पर्सेंट बढ़ा

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

...ी बाजार नियामक सेबी ने प्रभात डेयरी ... शिकंजा कस दिया है। इसने कंपनी को ...ा है कि वह 1,292 करोड़ रुपए किसी ...नल बैंक में एक अलग खाते में जमा ...ए। यह पैसा 7 दिनों के अंदर जमा ...ना होगा। साथ ही उसने फॉरेंसिक ...डिट में मदद नहीं करने पर कंपनी को ...कार लगाई है।

### ...ॉडिट पूरा होने तक पैसे ...ीं निकाल पाएगी कंपनी

...ी ने जारी आदेश में कहा कि ऑडिट ... होने तक कंपनी अकाउंट से पैसे नहीं ...ाल सकती है। इसके बाद बुधवार को ...क मार्केट में प्रभात डेयरी के शेयर में ...5% की तेजी के साथ 50 रुपए प्रति ...र के भाव पर बंद हुए। आज प्रभात ...री के शेयर में 20% तक की उछाल ...ने को मिली, लेकिन अंत में यह 2.25 ...सदी की तेजी के साथ बंद हुआ।

### फॉरेंसिक ऑडिटर नियुक्त किया था

सेबी ने प्रभात डेयरी के वित्त वर्ष 2018-19 और 2019-20 के फाइनेंशियल स्टेटमेंट से जुड़े तथ्यों की जांच के लिए जुलाई में ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी को फॉरेंसिक ऑडिटर नियुक्त किया। इस फॉरेंसिक ऑडिटर को प्रभात डेयरी के अकाउंट में हेरा-फेरी, वित्तीय और बिजनेस ट्रांजैक्शन में जोड़-तोड़ और कंपनी के प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स और मैनेजमेंट में शामिल अधिकारियों द्वारा पैसों को गलत तरीके से ट्रांसफर करने के आरोपों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

### ऑडिट के लिए नहीं दे रहे कागजात

सेबी ने कहा कि प्रभात डेयरी के प्रबंध निदेशकों के फॉरेंसिक ऑडिटर के साथ सहयोग नहीं करने की बात सामने आई है। वे ऑडिट शुरू करने के लिए जरूरी दस्तावेज और सूचनाएं बार-बार मांगने पर भी उपलब्ध वहीं करा रहे है। सेबी ने कहा, जब तक ऑडिट पूरा नहीं हो जाता वह यह तय नहीं कर सकती कि कंपनी ने किसी तरह की हेरा-फेरी की है या नहीं। इसलिए ऑडिट के काम में ऑडिटर का सहयोग करें।

### 2019 में प्रभात डेयरी ने बेची थी

जनवरी, 2019 में प्रभात डेयरी ने अपनी सहायक कंपनी सनफ्रेश एग्रो को तिरुमाला मिल्क प्रोडक्ट्स के हाथों 1227 करोड़ रुपए में बेच दिया था। इसके बाद स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि टैक्स देनदारियों और दूसरे ट्रांजैक्शन कॉस्ट काटने के बाद कंपनी इस बिक्री से प्राप्त बड़ी राशि अपने शेयरहोल्डर्स को देगी। ये ट्रांजैक्शन कंपनी द्वारा अप्रैल 2019 में पूरे कर लिए गए। सितंबर, 2019 में कंपनी ने कहा कि इसके कुछ प्रमोटर पब्लिक शेयर होल्डर्स से शेयर खरीदकर फिर से कंपनी की 49.9 प्रतिशत हिस्सेदारी पाना चाहते हैं और कंपनी को शेयर बाजारों से डिलिस्ट कराना चाहते हैं। इस ट्रांजैक्शन का कोई ट्रेस नहीं मिलने पर सेबी ने कंपनी का फॉरेंसिक ऑडिट कराने का आदेश दिया।

**डीएम साहिब नहीं मिले शौचालय निर्माण के पैसे**

# दिव्यांग ने लगाई डीएम से गुहार, बनवा लिया शौचालय नहीं हुआ भुगतान

**200 फ़ीट बोरिंग का लिया सरकार से पैसा 50 फ़ीट बोर करके छोड़ दिया**

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट के ब्लॉक बार अंतर्गत ग्राम डुलावन के रहने वाले राजेन्द्र तनय वर्जभान एवं मोहनलाल तनय बालकोटू ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शासन की योजना के तहत बनवाये जा रहे शौचालय निर्माण के लिए आवेदन किये थे जो स्वीकृत कर लिये गये थे इस पर ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा कहा गया कि तुम लोग शौचालय का निर्माण कर लो तुम्हे शौचालय निर्माण का पूरा पैसा मिल जाएगा। इस पर गांव के लोगो ने किसी तरह पैसो का इंतजाम कर शौचालय का निर्माण करा लिया। मिली जानकारी के अनुसार अभी तक शौचालय निर्माण का पैसा नही मिला है प्रधान करता है कि कोई पैसा नही मिलेगा, कही भी शिकायत कर दो कोई कुछ नही कर पायेगा हमारा। जिसकी निष्पक्ष जाँच कर कठोर कार्यवाही की मांग पीड़ितों ने जिलाधिकारी से की है।





### जिला कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलवन्त सिंह राजपूत ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा कर अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अन्नदाता किसानों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जहाँ एक ओर धान क्रय केन्द्रों पर धान की बिक्री कम होने तथा नमी के नाम पर किसानों के धान के वजन में की जा रही कटौती से किसान परेशान है। वहीं गन्ना किसानों को उनके उपज का बकाया अभी तक नहीं मिल पाया है। और किसानों के गेंहू की खरीद कम रेट पर की जा रही है एवं सरकार द्वारा निजी नलकूपों के लिए बिजली की कीमतों की गई बढ़ोत्तरी से किसानों को काफी दिक्कतों का सामाना करना पड़ रहा है इन किसानों की समस्याओं को देखते हुए कांग्रेस कमेटी के सदस्यों राज्यपाल से मांग की है कि उत्तर प्रदेश के किसानों की धान की खरीद एमएसपी पर किए जाने की गारंटी की जाए। सभी जनपद के में धान क्रय केन्द्र खोले जाए। नमी के नाम पर धान उत्पादक किसानों से मनमानी कटोती बन्द की जाए। गन्ना किसानों का बकाया तत्काल उन्हें उपलब्ध कराने की गारण्टी दी जाए आदि मांग करते हुए मौके पर बलवन्त सिंह, ऊदल सिंह, प्रदीप रिछारिया, पुनीत देवलिया, असलम खा, इमारान, अजय तोमर, राहुल सेन, जगदीश कुशवाहा, केपी राजा, बहादुर अहिरवार, खलक सिंह, राकेश रजक, आदि लोग मौजूद थे





# व्यय प्रेक्षकों ने देखा अभ्यर्थियों के चुनावी खर्च का लेखा-जोखा

**ग्वालियर।** विधानसभा उप चुनाव लड़ रहे हर उम्मीदवार को अपने चुनावी खर्च का पूरा हिसाब-किताब रखना होता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षकगण श्री सुबिर सांपुई व श्री संजय कुमार ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के अब तक के चुनावी खर्च का लेखा-जोखा का निरीक्षण किया।

ज्ञात हो भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर व 16-ग्वालियर पूर्व के लिये भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री संजय कुमार एवं विधानसभा क्षेत्र 19-डबरा (अजा) के लिये भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी श्री सुबिर सांपुई को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। प्रेक्षक श्री सांपुई द्वारा डबरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे 14 अभ्यर्थियों के लेखाओं का निरीक्षण कलेक्ट्रेट स्थित व्यय लेखा कक्ष में किया गया। इसी तरह श्री संजय कुमार ने ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के 9 एवं ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे 12 उम्मीदवारों द्वारा संधारित चुनावी खर्चे के रजिस्टर का निरीक्षण किया।

## जनसेवा का ढोंग करने वाले कोरोना लॉकडाउन में कहां थे :डॉ.सिकरवार

ग्वालियर। जनता के अमूल्य मत को बेंचकर जनहितैशी सरकार को गिराया गया और वजह बताई गई कि कॉग्रेस



सरकार ग्वालियर पूर्व के विकास कार्यो के लिए पैसे नही दे रही है, तो फिर कुछ दिन पहले जो अखबार का पेज भर कर क्षेत्र में विकास कार्यो के बारे में बखान किया था। वह विकास कार्य करने के लिए पैसे अपने घर लाये थे या किसी बैंक से लोन लिया था। इन बिकाऊलालों ने जनता को षमषार कर दिया, अगर इन्हे व्यापार ही करना है तो व्यापार करे। जनसेवा का माध्यम कहलाने वाली राजनीति को कंलकित क्यो कर दिया। जनसेवा का ढोंग करने वाले कोरोना लॉकडाउन में कहा थे, जब जनता असिमित परेषानिओं का सामना करना कर रही थी, तब ये बिकाऊलाल कहां थे और क्या कर रहे थे ये बात किसी से छुपी नही है। यह बात आज ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 60 में हुई विभिन्न बैठकों में जनता से कही। वार्ड क्रमांक 60 में हुआ जनसम्पर्क:- आज सुबह 8:30 बजे सैकड़ो कार्यकर्ता डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में हुरावली तिराहा पर एकत्रित हुये और वहां से पवनसुत कॉलोनी, हुरावली गॉव, हुरावली ए-ब्लॉक, हुरावली बी-ब्लॉक, हरीखेडा, चाडक्यपुरी, यमुना नगर, सारिका नगर, दुश्यंत नगर, मेहरा गांव में पुहॅचकर जनसम्पर्क का समापन किया। जनसम्पर्क में क्षेत्रीय जनता द्वारा डॉ. सिकरवार का जगह-जगह पुश्पहार पहनाकर स्वागत किया। जनसम्पर्क के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा कॉग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद के नारे लगाये जा रहे थे। कल दिनांक 23 अक्टूबर का कार्यक्रमः- प्रातः 8 बजे सिंधिया स्टेच्यू षताब्दीपुरम से वार्ड-18 में जनसम्पर्क षुरू होगा।

## बूथ स्तर पर भाजपा मजबूत पार्टी राजेन्द्र शुक्ला

अनूपपुर. भारतीय जनता पार्टी विश्व की एकमात्र सबसे बडी तथा विचारधारा आधारित राजनैतिक पार्टी है। हम सबको इसका गर्व है कि हम सभी एक ऐसी विचारधारा आधारित राजनैतिक दल के कार्यकर्ता हैं , जो देश को एकजुटता के साथ मजबूत बनाते हुए उसे विकास के मार्ग पर सतत् गतिमान बनाए हुए है। बरगंवा में बूथ स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपरोक्त विचार म प्र शासन के पूर्व मंत्री तथा उप चुनाव अनूपपुर के प्रभारी राजेन्द्र शुक्ला ने व्यक्त किये। उप चुनाव मीडिया प्रभारी तथा नमो एप से संभागीय संयोजक मनोज द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौ संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय , वरिष्ठ नेता इंद्र जीत छाबडा, सतीश तिवारी, राकेश पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में ग्राम पंचायत बरगवां के पोलिंग क्रमांक 4,5, के बूथ सम्मलेन को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढाते हुए कहा कि म प्र में हो रहे उप चुनाव का प्रदेश के विकास पर दूरगामी असर पड़ने वाला है। कांग्रेस के झूठ ,भ्रम, बदले की कार्यवाही वाला आचरण आम जनता ने इनके पन्द्रह महीने के कार्यकाल में बखूबी देख लिया है। इस चुनाव में विजय मिलने से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार को स्थिरता मिलेगी। इसलिये प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि जीत सुनिश्चित करने के लिये बूथ स्तर पर सघन संपर्क करें। भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित पार्टी है। पन्द्रह वर्षो के शासन काल मे प्रदेश मे शिवराज सरकार तथा पिछले छ~ वर्षों में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने विकास, सुशासन, सुरक्षा की नयी तथा बड़ी लकीर खींच दी है। हमारा दायित्व है कि भाजपा सरकार को मजबूती प्रदान करने के लिये हम सभी एकजुटता से , पूरे समर्पण के साथ काम करें। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी मनोज मिश्रा, सुभाष शर्मा, रश्मि खरे, इंदु जी, सत्यनारायण सोनी मंडल अध्यक्ष, उपस्थित रहे। इसके साथ ही श्री शुक्ला ने सोडा फैक्टरी में विवेक पांडेय के आवास पर पेज प्रभारी एवम कार्यकर्ताओं को भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील किया। अमलाई बाजार में बूथ कार्यालय का उद्घटान किया। इस अवसर पर प्रवासी कार्यकर्ता सूर्य कांत निराला, संदीप पूरी, रामनारायण उर्मलिया, मीना तनवर, राजू गुप्ता के अलावा काफी संख्या मे गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।

## विधानसभा उप निर्वाचन-2020 में एक लाख 51 हजार से अधिक नये मतदाता

**ग्वालियर।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अरूण कुमार तोमर ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2020 में 18 से 19 आयु वर्ग के नये 1 लाख 51 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मुरैना जिले की जौरा विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 884, सुमावली विधानसभा क्षेत्र में कुल 5 हजार 452, मुरैना विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 864, दिमनी विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 216 और अम्बाह विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 310 नये मतदाता हैं। भिण्ड जिले की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 375, गोहद विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 521, ग्वालियर जिले की ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 673, ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 438, डबरा विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 745 और दतिया जिले की भांडेर विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 796 नये मतदाता हैं। शिवपुरी जिले की करेरा विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 969, पोहरी विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 756, गुना जिले की बमोरी विधानसभा क्षेत्र में 6 हजार 195, अशोक नगर जिले की अशोक नगर विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 585, मुंगावली विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 969, सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 715, छतरपुर जिले की मलहरा विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 699 और अनूपपुर जिले की अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 720 नये मतदाता हैं।रायसेन जिले की सॉची विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 408, राजगढ़ जिले की ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 829, आगर मालवा जिले की आगर विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 704, देवास जिले की हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 41 मतदाता, खण्डवा जिले की मांधाता विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 541 और बुरहानपुर जिले की नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 775 नये मतदाता हैं। धार जिले की बदनावर विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 895, इंदौर जिले की सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 6 हजार 500 और मंदसौर जिले की सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 565 नये मतदाता है।

## बूथ ऐप से मिलेगी मतदाता की जानकारी

**ग्वालियर।** विधानसभा उपनिर्वाचन के दौरान सामान्य मतदान प्रक्रिया के साथ-साथ मतदाताओं की पहचान एवं मतदान के प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने के लिए बूथ एप का उपयोग किया जायेगा। मतदाताओं को मतदान के दिन वोटर स्लिप लेकर उपस्थित होना होगा अथवा वोटर हेल्पलाईन एप एवं वोटर पोर्टल से निकाली गई वोटर स्लिप साथ में लाना होगा। बूथ एप से मतदाताओं की मतदान के समय उसकी पहचान वोटर स्लिप में बने क्यू.आर कोड़ से डिजीटल तरीके से की जायेगी। स्कैन करते ही उस मतदाता की पूरी जानकारी सर्वर से मोबाईल एप में प्राप्त हो जाएगी। बूथ स्तर पर वोटर स्लिप को मतदान केन्द्र पर स्कैन करते ही, उस केन्द्र में उस समय तक मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या सर्वर पर चली जाएगी एवं रियल टाइम में हुए मतदान का प्रतिशत भी ज्ञात हो सकेगा। यदि कोई मतदाता पुनः वोट डालने आ जाता है तो बूथ एप तत्काल उसकी पहचान कर लेगा।

## विशिष्ट प्रेक्षक का दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर जारी

**ग्वालियर।** प्रदेश में होने वाले 19 जिलों के 28 विधानसभा क्षेत्रों के उप निर्वाचन के लिए श्री मृणाल कांति दास को विशिष्ट प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनका स्थानीय दूरभाष नंबर 0755-2440060 है तथा मोबाइल नंबर 7024955446 है।


TOMAR ASSOCIATES

शीघ्र करें, ऑफर सीमित समय के लिये

नवरात्री के अवसर पर विशेष छूट पर प्लॉट उपलब्ध

ग्वालियर शहर में आसान मासिक किस्तों पर प्लॉट उपलब्ध। भिण्ड-ग्वालियर मैन रोड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर सर्व सुविधा युक्त पक्की कॉलोनी गौरी नगर में प्लॉट उपलब्ध हैं। 500, 600, 800, 1000, 1200 वर्ग फुट

नोट : तुरन्त रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्रीखर्चे में 25 प्रतिशत का खर्चा TOMAR ASSOCIATES द्वारा दिया जायेगा।

नवरात्री पर विशेष छूट बेटी वाले परिवार को 100 रू वर्गफीट की विशेष छूट रहेगी।

कॉल करें या मिलें 9 से 6 बजे तक

पता : 03 तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा. म.प्र.

मो.: 9713253992, 9165260261, 9111503705.

मुद्रक : भारत प्रिंटर्स,गिर्राज प्लाजा, पिन्टो पार्क, ग्वा. 9644042434










# विद्यार्थियों ने दिया मताधिकार के उपयोग का संदेश

**ग्वालियर।** जिले में विधानसभा उप चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लक्ष्य को लेकर स्वीप ( सिस्टमेटिक वोटर्स एज्यूकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन ) के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। इस कड़ी में ÷जात-पात लोभ-लालच से ऊपर उठकर मतदान÷ विषय पर आयोजित हुई ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता में स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने इस विषय पर अपने विचार रखकर वोट का महत्व बताया और आगामी 3 नवम्बर को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश भी दिया। सिस्को वेबेक्स पर आयोजित हुई इस भाषण प्रतियोगिता में विद्यालयीन स्तरीय प्रतियोगिता के पहले तीनों स्थान पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। विद्यालय स्तर पर डीपीएस स्कूल रायरू की छात्रा कु. तनिशी श्रीवास्तव प्रथम व कु. वीणा गौतम द्वितीय एवं शा.उ.मा.वि. क्र.-1 उत्कृष्ट मुरार की छात्रा कु. समीक्षा दुबे तीसरे स्थान पर रहीं। महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भगवत सहाय महाविद्यालय के श्री अंकित

**स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ जारीं**

आर्य प्रथम, महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के श्री भुवनेश चौधरी द्वितीय एवं विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय मुरार की छात्रा कु. अंजलि परिहार तीसरे स्थान पर रहीं। स्वीप के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर, ग्वालियर पूर्व एवं डबरा में मतदाता जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। स्वीप के तहत चल रहे मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से भी लोगों को बताया जा रहा है कि हर मतदान केन्द्र पर मतदाताओं के हाथ धुलवाने के लिये साबुन, सेनेटाइजर एवं हैण्ड ग्लब्स की व्यवस्था रहेगी। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी मतदान केन्द्र पर कराया जायेगा। मतदाताओं के लिये बैठने के लिये भी बेहतर व्यवस्था की जायेगी। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला, स्लोगन एवं शॉर्ट वीडियो प्रतियोगितायें भी आयोजित की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों के माध्यम से घर-घर में मताधिकार का उपयोग करने का संदेश पहुँच सके। स्वीप के तहत चल रहीं गतिविधियों के माध्यम से वोट का महत्व भी समझाया जा रहा है। साथ ही मताधिकार का उपयोग करने के लिये शपथ भी दिलाई जा रही है।

**विधानसभा उप निर्वाचन-2020**

## प्रेक्षक श्री सिन्हा ने लिया दो दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का जायजा

**कोविड-19 से बचाव के लिये सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर एवं 16-ग्वालियर पूर्व में चुनावी प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजय सिन्हा ने दो दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत जुटाई जाने वाली बुनियादी सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की वस्तुस्थिति जानी। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वैश्विक महामारी कोविड-19 को ध्यान में रखकर मतदान केन्द्रों पर अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों का शतप्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश भी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रेक्षक श्री सिन्हा ने जिन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया उनमें शिक्षानगर, तानसेन रोड़ व न्यू रेलवे कॉलोनी सहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर की अन्य बस्तियों में स्थित 26 मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी उनके साथ थे।


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.

( Min. size 5×9 )

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज

12×5 - 2000 रु

निःशुल्क: बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560



P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम / पता / अवश्य भेंजे



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478